53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 10.5°c अधिकतम 22.8 °c

मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय : 7:07 सूर्यास्त-5:58 वर्ष : 53/ अंक : 33 सोमवार, 03 फरवरी 2025 माघ, शुक्ल पक्ष, पंचमी सम्वत् 2081 मूल्य 3 रुपये कुल पृष्ठ-4

अमृतवाणी

गलत लोगों की जीत उसी समय तय हो जाती है, जब सही लोग चुप हो जाते हैं।

यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

चुनाव में धांधली की निगरानी के लिए खड़गे ने नेताओं-विशेषज्ञों का समूह बनाया : के सी वेणुगोपाल

लगे हाथ विशेषज्ञों की निगरानी का समूह भी बना देते........

मोबाइल की दुनिया के बावजूद भी सिर चढ़कर बोलता है पतंगबाजी का जादू

मुजफ्फरनगर, 2 फरवरी (बु.)। बचपन में न जाने कितनी तरह के खेल हम सब खेलते हैं, मगर कुछ खेल ऐसे होते हैं, जो बचपन से लेकर, बुढ़ापे तक लोग भूलते नहीं। कंचे और गिल्ली डंडा खेलने में तो अब शर्म आती है, मगर एक शौक ऐसा है, जो मोबाइल की दुनिया होने के बावजूद भी आम आदमी के दिलो-दिमाग में पूरी तरह से जिंदा है। यह शौक है बसंत पंचमी के आते ही पतंगबाजी का।

रविवार को जिस कदर पतंग की दुकानों पर बच्चों से लेकर बड़ों तक की भीड़ दिखाई दी, उससे साफ मालूम हो रहा था कि पतंगबाजी का नशा भी ठीक मदीरा जैसा है। लम्बी-लम्बी लाइनों में लगकर बच्चे और बड़े पतंग खरीदते दिखाई दिये। ऐसा लग रहा था कि मानों शराब के ठेके पर लोग शराब की लत में लाइनों में लगे हों। मगर यह नशा शराब का नहीं था, यह नशा पतंगबाजी का था। एक समय था जब पतंगों की दो चार दुकानें ही हुआ करती थी, मगर आज मुजफ्फरनगर के ही अंदर सौ से ही अधिक दुकानें पतंगों की हो चुकी हैं और मजे की बात यह है कि रविवार को बुलेटिन की टीम ने जितनी भी दुकानें पतंगों की देखी सभी पर लम्बी-लम्बी लाइनें और भीड़-भाड़ लगी नजर आई। या तो ऐसी भीड़ राशन बंटने के समय होती है और या शराब के ठेकों पर। इस नजारे को जिसने भी देखा, उसके मुंह से एक ही बात निकली कि बेशक आज मासूमों का बचपन मोबाइलों में जा घुसा हो और वे लम्बे-लम्बे समय तक मोबाइलों में तरह तरह के खेल खेलते हों, मगर पतंगबाजी का दौर आज भी जिंदा है। पुराने जमाने से लेकर आज तक सिर्फ यही शौक ऐसा है, जो लोगों के दिलों में जिंदा है।

शाम को पतंगों से आसमान दिखा सतरंगी

मुजफ्फरनगर। दिन में एक ओर जहां बच्चों और बड़ों की पतंगों की दुकानों पर भीड़ दिखी, वहीं शाम को आसमान सतरंगी दिखाई दिया। अलग-अलग रंगों की अलग-अलग डिजाइनों की पतंगों ने असामान की तरफ देखते ही लोगों का मन मोह लिया। एक-दूसरे की पतंग काटने की होड़ के साथ-साथ किसकी पतंग कितनी ऊंची जाएगी और कौन आनी कटी पतंग की डोर अपने हुचके तक वापस ले जाने में सफल होगा, इसकी भी जद्दोजहद साफ दिखी। आसमान में पतंगों की भीड़ में अपनी पतंग को कटने से बचाना अपने आपमें बड़ा खेल है। इस खेल में अच्छे-अच्छे फेल हो जाते हैं। कभी-कभी दूर तक उड़ने वाली पतंग के पीछे उड़ रही छोटी सी पतंग अपने मांझे की डोर दूसरे की सादी डोर पर डालकर खेंच मारता है और उसकी पतंग को काट देने में सफल हो जाता है। इन पतंगों के चक्कर में हार-जीत के दांव भी लगते हैं। बड़ी-बड़ी शर्तें भी लोग हार बैठते हैं। मगर फिर भी यह शौक कम नहीं होता।

कटी पतंग का मांझा लूटने का भी अपना ही मजा

मुजफ्फरनगर। किसकी पतंग कटी, किसकी नहीं यह सवाल तो अलग है, मगर जब आप छत पर खड़े हों और आपके आगे से कटी पतंग का मांझा जा रहा हो तो शायद ही कोई शख्स ऐसा होगा जो उस मांझे को अपनी ओर खींचने की कोशिश न करता हो। कटी पतंग का मांझा लूटने का भी अपना ही एक आनन्द है, क्योंकि इस मांझे को लूटने के भी अलग-अलग तरीके हैं। कटी पतंग का मांझा पकड़ में आने के बाद जिस ओर से मांझा ज्यादा तेजी से खींचा जाता है, उस हाथ में मांझा कम हाथ लगता है। और जो मांझा पकड़कर सामने वाले को तोड़ने का मौका देता है, उसके हाथ में मांझा ज्यादा आता है। फिर इस मांझे को अपनी कन्नी अंगुली और अंगूठे के बीच लपेटने का मजा ही कुछ और है। हाथों में लपेटे गए इस मांझे की गुच्छी की मोटाई जितनी बढ़ती चली जाएगी, उतना ही मन प्रफुल्लित होता चला जाएगा। चाहे हमारे पास कितने करोड़ रुपये क्यों न हों, मगर जो मजा लूटे हुए मांझे का है, वह खरीदकर पतंग उड़ाने का कतई नहीं। ऐसे में बसंत पंचमी के दिन लोगों ने इस बात का खूब आनन्द उठाया।

पाकिस्तानी सशस्त्र बलों पर आतंकी हमला, पांच की मौत

इस्लामाबाद, 02 फरवरी (एजेंसी)। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में रविवार को हुए एक आतंकी हमले में अर्द्धसैनिक बल के चार जवानों सहित पांच लोगों की मौत हुई है। यह घटना दक्षिणी वजीरिस्तान की सीमा से लगे डेरा इस्माइल खान जिले में हुई। रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान के अर्द्धसैनिक बल के जवान एक निजी चालक के साथ जिले की दरबान तहसील में चोरी हुए ट्रक को बरामद करने जा रहे थे, तभी उन पर घात लगाकर हमला किया गया। पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर ने कहा कि देश को निशाना बनाने वाले दोस्त के भेष में देश के दुश्मनों को हराकर रहेंगे। उन्होंने कहा कि विदेशी आकाओं के इशारे पर पाकिस्तान में आतंकवादी गतिविधियां करने वाले लोगों का सफाया किया जाएगा। असीम मुनीर शनिवार को बलूचिस्तान के कलात जिले के क्वेटा पहुंचे थे, जहां उग्रवादियों के साथ मुठभेड़ में पाकिस्तानी सेना के 18 सैनिक मारे गए हैं। इस मुठभेड़ में 23 उग्रवादी भी मारे गए हैं।

Fortis HOSPITAL NOIDA

फोर्टिस हॉस्पिटल, नोएडा
एवं
गुप्ता नर्सिंग होम एवं
लैप्रोस्कोपी सेंटर, मुजफ्फरनगर
के द्वारा आयोजित

कैंसर रोग ओपीडी
परामर्श लें:

- स्तन कैंसर
- कोलोरेक्टल कैंसर
- न्यूरोएंडोक्राइन कैंसर
- पित्ताशय कैंसर
- गैस्ट्रिक कैंसर (पेट का कैंसर)
- स्त्री रोग संबंधी कैंसर
- सिर और गर्दन का कैंसर
- किडनी कैंसर
- लिवर कैंसर
- फेफड़े का कैंसर
- मेलानोमा और त्वचा कैंसर
- अग्नाशय का कैंसर
- प्रोस्टेट कैंसर
- सारकोमा
- थायराइड कैंसर
- ओरल कैंसर (मुँह का कैंसर)

डॉ. विशाल बंसल
वरिष्ठ विशेषज्ञ- सर्जिकल ऑन्कोलॉजी (कैंसर रोग विशेषज्ञ)
फोर्टिस अस्पताल, नोएडा

दिनांक: 4 फरवरी व 18 फरवरी (हर महीने का पहला व तीसरा मंगलवार)
समय: दोपहर: 12 बजे से 2 बजे तक
स्थान: गुप्ता नर्सिंग होम एवं लेप्रोस्कोपी सेंटर, गन्ना फार्म के पास, सर्कुलर रोड, मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: +91 8218874540,
फोर्टिस अस्पताल, बी-22, सेक्टर 62, नोएडा, उ.प्र.

*नियम एवं शर्तें लागू

बसंत पंचमी में महाकुंभ में आस्था का मेला, 12 बजे तक करीब 89 लाख ने किया स्नान

महाकुंभ नगर 02 फरवरी (वार्ता) महाकुंभ में बसंत पंचमी के अवसर पर गंगा,यमुना और अदृश्य सरस्वती की त्रिवेणी में रविवार को लाखों श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगायी। यद्यपि बसंती पंचमी अमृत स्नान पर्व सोमवार को ब्रह्म मुहुर्त से शुरु होगा। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार आज दोपहर 12 बजे तक 88 लाख 83 हजार श्रद्धालु संगम में स्नान कर चुके थे जिसमें दस लाख कल्पवासी भी शामिल हैं। इन्हे मिला कर महाकुंभ में 33 करोड़ 61 लाख से अधिक श्रद्धालु संगम में आस्था की डुबकी लगा चुके हैं। महाकुंभ के तीसरे स्नान पर्व बसंत पंचमी में सोमवार को करोड़ों श्रद्धालुओ के संगम स्नान का अनुमान है।

बेहड़ी के जंगल में पेड़ से लटकर की आत्महत्या

मुजफ्फरनगर, 02 फरवरी (बु.)। शहर कोतवाली क्षेत्र के गांव बहेड़ी के जंगल में एक युवक का शव पेड़ से लटका मिला। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। युवक पिछले चार दिन से अपने घर नहीं गया था। रविवार को बहेड़ी के गांव लोगों ने पुलिस को जानकारी दी कि आम के बेग में एक युवक शव का पेड़ से लटका हुआ है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। थाना प्रभारी अक्षय शर्मा ने बताया कि युवक ने पेड़ से लटकर फांसी लगाई है। उसकी शिनाख्त दिलशाद निवासी बहेड़ी के रुप में हुई है। परिजनों ने बताया कि वह पिछले चार दिन से घर पर नहीं आया था। वह मानसिक रुप से तनाव में चल रहा था। शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है।

मोटे लालच के चक्कर में 3.50 लाख रुपये गंवाये

मुजफ्फरनगर, 02 फरवरी (बु.)। शेयर मार्केट से मोटा लाभ कमाने का लालच देकर एक युवक से साढ़े तीन लाख रुपए ठग लिए गए। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर साइबर ठग की तलाश शुरू कर दी है। मंसूरपुर थाना क्षेत्र के खानूपुर निवासी आशीष ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि एक शख्स ने फोन कर शेयर मार्किट में इन्वेस्टमेन्ट कर ज्यादा प्रोफिट देने का लालच दिया। आरोपी के जाल में फंसकर पहले उसने 50 हजार रुपए का निवेश किया। इसके बाद तीन लाख रुपए और लगा दिए। इसके बाद ना तो उसे कोई लाभ हुआ और ना ही मूल धनराशि लौटाई गई। बाद में फीस जमा कराने के नाम पर साढ़े सात हजार रुपए ट्रान्सफर करा लिए गए। उसके बाद आरोपियों ने कोई सम्पर्क नहीं किया।

ARYA ACADEMY INTERNATIONAL SCHOOL BRINGING EDUCATION TO LIFE

REGISTRATION OPEN

AAIS
Admission Open-2025
PRE NUR. To 9th & 11th
SCIENCE, COMMERCE & HUMANITIES

STAFF REQUIREMENT
(ACADEMIC YEAR 2025-2026

PRE-PRIMARY TEACHERS : Graduate with B.Ed, NTT Course ECCE Course/ Diploma in early Childhood Education will be preferred.		**TGTs (ALL SUBJECTS)** Graduate / Post Graduate with B.Ed. & TET
PRT'S : All subjects Graduate with B.Ed & TET	**PGTs:** Physics, Chemistry, Biology, Maths, English, Computer Science, Accounts, Economics, History, Psychology, Post Graduate with B.Ed. & TET	**MUSIC TEACHER** Having Knowledge of Playing Multiple Instruments & Vocal Music
Only shortlisted candidates will be called for written test and interview.		

Please send the resume latest by 10 February at e-mail ID of the school given below.
E.mail : aaismznofficial@gmail.com

ARYA ACADEMY INTERNATIONAL SCHOOL
Affiliated to CBSE, New Delhi
A2Z road, Muzaffarnagar (U.P.)
+91-8954808035,
+91-8954808036
aaisedumzn@gmail.com
www.aaisedu.com

चार मई को खुलेंगे विश्व प्रसिद्ध भगवान बदरीनाथ के कपाट

टिहरी 02 फरवरी (वार्ता) उत्तराखंड़ में वसंत पंचमी के शुभ अवसर पर रविवार को टिहरी राज दरबार नरेंद्रनगर में श्री गणेश पूजन के साथ विश्व प्रसिद्ध धाम भगवान श्री बदरीनाथ के कपाट खोलने की तिथि घोषित कर दी गई है। शुभ लग्न के अनुसार मंदिर के कपाट आगामी चार मई को सुबह छह बजे प्रात? विधिवत पूजा-अर्चना के साथ आम श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोले जाएंगे। भगवान बदरी विशाल के महाभिषेक के लिए तिलों का तेल 22 अप्रैल को पिरोया जाएगा। उसी दिन राज दरबार से गाडू घड़ा तेल कलश यात्रा शुरु होगी। इसके साथ ही चारधाम यात्रा के भी विधिवत शुरुआत हो जाएगी। नरेंद्रनगर स्थित राजदरबार में वंसत पंचमी पर राज पुरोहित आचार्य कृष्ण प्रसाद उनियाल ने गणेश, पंचांग और चौकी पूजन के बाद महाराजा मनुज्येंद्र शाह की जन्म कुंडली का अध्ययन और ग्रह नक्षत्रों की दशा देखकर भगवान

मुजफ्फरनगर में पहली बार
चश्मा हटवायें
Touchless
लेसिक लेजर द्वारा
पारस नेत्रालय
डॉ. सुमित जैन M.S. (Ophth.), F.M.R.F. नेत्र रोग विशेषज्ञ

✓ मोतियाबिन्द ऑपरेशन फैको विधि द्वारा
✓ रेटिना क्लीनिक
✓ शुगर रोगियों की आंखों के पर्दे का इलाज

Cashless Insurance की सुविधा उपलब्ध है For All Insurance Companies
NABH (ENTRY LEVEL) PATIENT SAFETY & QUALITY OF CARE PRE ACCREDITED

जानसठ रोड, मुजफ्फरनगर, सम्पर्क - 9634049928, 8433289767
शुक्रवार अवकाश

आज का इतिहास

नई दिल्ली, 02 फरवरी (वार्ता)। भारतीय एवं विश्व इतिहास में 03 फरवरी की महत्वपूर्ण घटनाएं इस प्रकार है। 1509: भारत में दीव (गोवा, दमन और दीव) के पास पुर्तगाल एवं तुर्की के बीच युद्ध हुआ। 1556: चीन के शैन्सी प्रांत में आए विनाशकारी भूकंप में करीब आठ लाख तीस हजार लोगों की मौत हुई। 1626: चार्ल्स प्रथम इंग्लैंड के सम्राट बने। 1788: देश में प्रशासनिक सुधारों के लिये पिट्स नियामक अधिनियम को लागू किया गया। 1814: कलकत्ता (अब कोलकाता) संग्रहालय की स्थापना हुई। 1862: शंभूनाथ पंडित कलकत्ता उच्च न्यायालय के पहले भारतीय न्यायाधीश बने। 1889: भारत की एक प्रख्यात गांधीवादी, स्वतंत्रता सेनानी और एक सामाजिक कार्यकर्ता राजकुमारी अमृत कौर का जन्म। 1890: अमेरिकन एक्टर चार्ल्स कोरोल का जन्म हुआ। 1902: दक्षिण भारत में हिन्दी प्रचार आन्दोलन के संगठक मोटूरि सत्यनारायण का जन्म। 1915: भारत के प्रसिद्ध पत्रकार, लेखक, उपन्यासकार और इतिहासकार खुशवंत सिंह का जन्म। 1952: मद्रास में भारत ने पहला टेस्ट क्रिकेट जीता। 1953: अखिल भारतीय खादी और ग्रामोद्योग बोर्ड का गठन किया गया। 1960: हिन्दी साहित्य के एक महान उपन्यासकार चतुरसेन शास्त्री का निधन। 1966: पाकिस्तान ने 'कश्मीर समझौते' के लिए एक महत्त्वपूर्ण प्रस्ताव पेश किया। 1982: प्रसिद्ध राजनीतिज्ञ तथा राजस्थान के मुख्यमंत्री मोहन लाल सुखाड़िया का निधन। 1992: अमेरिकी राष्ट्रपति जार्ज बुश एवं रूस के राष्ट्रपति बोरिस येल्तसिन द्वारा शीत युद्ध की समाप्ति की घोषणा। 1997: चीन तथा सं.रा. अमेरिका के बीच वस्त्र व्यापार विवाद को समाप्त करने हेतु समझौता। 2001: भारतीय नौसेना के सी किंग हेलिकाप्टरों के लिए अमेरिकी कलपुर्जों की बिक्री को अनुमति। 2002: अमेरिकी पत्रकार डेनियल पर्ल के अपहरण कांड में पाकिस्तान के तीन व्यक्ति गिरफ्तार। 2008: राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल ने कर्नाटक की पहली लक्जरी ट्रेन 'गोल्डन चैरियट' को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। राज्यपाल बी. एल. जोशी ने बी. के. गुप्ता को उत्तराखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायधीश की शपथ दिलाई।

मुजफ्फरनगर मंडी

मुजफ्फरनगर, 02 फरवरी, (बु.)। गुड़-शक्कर के भाव इस प्रकार रहेः- ढैया 1340, रसकट ढैया 1230-1250, चाकू 1360-1465, लड्डू 1360-1425, खुरपापाड़ 1300-1315, शक्कर मसाला 1400-1415। आमद- 6000 मन।

सर्राफा बाजार

मुजफ्फरनगर, 02 फरवरी, (बु.)। मुजफ्फरनगर सर्राफा बाजार के भाव इस प्रकार रहेः-

सोना-	84250	चांदी-	93550
सिक्का-	10500	गिन्नी-	62935

आपका आज का राशिफल

सोमवार, 03 फरवरी, 2025

मेष- आज रात्रि 11/17 बजे तक समय अशुभ, आहार विहार में अनियमितता, स्वास्थ्य प्रभावी, हानि भी, शेष समय उन्नतिकारक, व्यापार में विस्तार, नवयोजना।

वृषभ- आज रात्रि 11/17 बजे तक समय अनुकूल, धनागम में वृद्धि, वैवाहिक अड़चनें समाप्त, शेष समय प्रतिकूल, द्रव्य की क्षति, विरोधियों का वर्चस्व।

मिथुन- परिस्थितियों में क्रमिक सुधार, मनोवांछित सफलता का सुअवसर, स्वजनों से अपेक्षित सहयोग, व्यक्तित्व का विकास, जीवन साथी से सामंजस्य।

कर्क- ग्रहस्थिति भाग्य के पक्ष में, वांछित सफलता का सुअवसर, मान-सम्मान में वृद्धि, उच्चाधिकारियों से सम्पर्क, दूर या समीप की यात्रा का सुपरिणाम प्राप्त।

सिंह- आज रात्रि 11/17 बजे तक समय निराशाजनक, कार्यों में गतिरोध, एकाग्रता का अभाव, शेष समय में परिस्थितियां सुधार पर, पुरुषार्थ से कार्यसिद्धि, नव उपलब्धि।

कन्या- आज रात्रि 11/17 बजे तक समय बेहतर, किसी योजना का श्रीगणेश, यात्रा का सुपरिणाम, शेष समय आशा के विपरीत, लाभ का मार्ग अवरुद्ध, व्यय की अधिकता।

तुला- भाग्योन्नति का मार्ग प्रशस्त, प्रियजनों से अपेक्षित सहयोग, धार्मिक गतिविधियों में अभिरुचि, अधिकारी वर्ग से अनुकूलता, दूर समीप की यात्रा का प्रसंग, वाहन सुख।

वृश्चिक- किसी योजना की पूर्ति हेतु प्रयत्नशील, आकस्मिक लाभ का सुयोग, बकाए धन की प्राप्ति, मनोविनोद के अवसर प्राप्त, भोग विलासिता की ओर रुझान, मन।

धनु- आज रात्रि 11/17 बजे तक कठिनाइयां प्रभावी, दूसरों के चक्कर में स्वयं का नुकसान, शेष समय बेहतर, प्रगति हेतु विचार-विमर्श, लाभार्जन का सुयोग।

मकर- आज रात्रि 11/17 बजे तक ग्रहयोग भाग्य के पक्ष में, कार्य क्षमता में वृद्धि, वाहन से सुख, शेष समय में निराशा, दैनिक कार्यों के प्रति उदासीनता, यात्रा।

कुम्भ- योजना को कार्यान्वित करने का सुयोग, स्वास्थ्य में सुधार, आकस्मिक लाभ, किसी के माध्यम से महत्वपूर्ण उपलब्धि, मौजमस्ती के निमित्त अधिक व्यय।

मीन- व्यापारिक उन्नति में उपस्थित गतिरोध समाप्त, श्रेष्ठजनों से सम्पर्क, नौकरी में स्थानान्तरण, आमोद-प्रमोद के साधन सुलभ, परिणय के क्षेत्र में अनुकूलता।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाउन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722

संस्थापक सम्पादक
एवं
हमारे प्रेरणास्रोत
स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

मुजफ्फरनगर बुलेटिन
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

श्री खाटू श्याम मंदिर में हुआ बाबा का गुणगान, झूमे श्रद्धालु

मुजफ्फरनगर, 02 फरवरी (बु.)। बसंत पंचमी पर्व पर देश भर के साथ जनपद में कई भव्य कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस कड़ी में रविवार को नई मंडी के भरतिया कॉलोनी स्थित श्री गणपतिधाम खाटू श्याम मंदिर परिसर में भजन संध्या का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर प्रांगण में आयोजित भजन संध्या में भाग लेते हुए धर्म लाभ उठाया। भजन संध्या के बाद श्री गणपतिधाम मंदिर में भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया। बसंत पंचमी पर्व पर रविवार को देशभर के साथ जनपद में बड़े धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान नई मंडी भरतिया कॉलोनी स्थित श्री गणपतिधाम खाटू श्याम मंदिर में समिति की ओर से भजन संध्या का आयोजन किया गया। भजन संध्या का शुभारंभ प्रमुख उद्यमी राकेश बिंदल, कुश पुरी एवं भीम कंसल के अलावा व्यापारी नेता संजय मित्तल, सुरेन्द्र अग्रवाल एवं वरिष्ठ अधिवक्ता दिनेश मोहन ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित करते हुए किया। मंदिर परिसर में संपन्न भजन संध्या में गायकों द्वारा खाटू श्याम बाबा का गुणगान किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर में मौजूद रहे। भजन संध्या के बाद श्रद्धालुओं को बाबा के प्रसाद का वितरण किया गया। इस दौरान संपन्न भजन संध्या में दर रात्रि तक श्रद्धालु भजनों पर झूमते रहे।

जाट आरक्षण को लेकर फिर उठी आवाज, 23 मार्च को सिसौली महापंचायत: धर्मवीर

मुजफ्फरनगर, 02 फरवरी (बु.)। जनपद जाट महासभा की गांधी कॉलोनी चौधरी चरण सिंह भवन वर्मा पार्क में संपन्न हुई बैठक में जाट आरक्षण की मांग को लेकर विचार मंथन किया गया। जनपद जाट महासभा के जिलाध्यक्ष धर्मवीर बालियान की अध्यक्षता में संपन्न बैठक में मोरना ब्लॉक के कार्यक्रम की समीक्षा के साथ 23 मार्च को शहीद ए आजम भगत सिंह की पुण्यतिथि पर जाट आरक्षण की मांग और समाज में पनप रही कुरीतियों को लेकर सिसौली में महापंचायत के आयोजन पर मंथन किया गया। जनपद जाट महासभा की ओर से आयोजित बैठक में पंचायत को भव्य रूप देने के लिए सभी ने एक स्वर में अनुमोदन किया और अपने सुझाव दिए। बैठक में जिलाध्यक्ष धर्मबीर बालियान ने बताया कि प्रत्येक ब्लॉक से 25 बस आने का अनुमान रहेगा। कार्यक्रम में जम्मू कश्मीर के उप मुख्यमंत्री व राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष को भी निमंत्रण भेजे जाने के साथ जितने भी जाट मंत्री हैं, उन्हें किसी भी प्रदेश के हो सबको निमंत्रण भेजे जाने का निर्णय लिया। उन्होंने दावा किया कि जनपद में एक ऐसा कार्यक्रम होगा जिसकी गूंज आसपास के नहीं पूरे हिंदुस्तान में होगी। बैठक में ओमकार अहलावत, जयवीर सिंह, रामपाल वर्मा, देवी सिंह, बृजेश चौधरी, राधेश्याम, राकेश बालियान, राहुल पंवार, बिट्टू सिखेड़ा, सुंदरपाल सिंह, कुलदीप सिवाच, योगेश तोमर, यशपाल सिंह, ऋषिपाल सिंह, अनुज सिंह, विराज तोमर, रामपाल वर्मा, अमित, शरद पाल सिंह, अनिल कुमार, विपिन बालियान, रविंद्र कुमार, यशपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

अधिकांश खाद्य तेलों की कीमतों में आई गिरावट, दालें सस्ती

नई दिल्ली, 02 फरवरी (वार्ता)। विदेशी बाजारों में सप्ताहिक तेजी के बावजूद बीच स्थानीय स्तर पर मांग कमजोर रहने से बीते सप्ताह दिल्ली थोक जिस बाजार में अधिकांश खाद्य तेलों के साथ ही दालें सस्ती हो गई वहीं वहीं अन्य जिंसों में टिकाव रहा। वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का फरवरी वायदा सप्ताहांत पर 73 रिंगिट चढ़कर 4561 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह फरवरी का अमेरिकी सोया तेल वायदा 1.00 सेंट की तेजी के साथ 45.66 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान सरसों तेल में 1099 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़त को छोड़कर अन्य खाद्य तेलों में गिरावट रुख रहा। मूंगफली तेल 622 रुपये, सोया रिफाइंड 1465 रुपये, पाम ऑयल 1319 रुपये और वनस्पति तेल 841 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता रहा। वहीं, सूरजमुखी तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ और इस तेल की कीमतों में पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर ही ठहराव बना है।

वर्ल्ड चैंपियन बनकर भारत की बेटियों ने रचा इतिहास

ICC UNDER-19 WORLD CUP
भारत की बेटियां बनी
वर्ल्ड चैंपियन

कुआलालंपुर, 02 फरवरी (एजेंसी)। अंडर-19 महिला टी20 वर्ल्ड कप के फाइनल मुकाबले में टीम इंडिया ने साउथ अफ्रीका को 9 विकेट से हराकर लगातार दूसरी बार खिताब जीत लिया है। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए साउथ अफ्रीकी टीम सिर्फ 82 रनों पर ऑलआउट हो गई। जवाब में भारतीय टीम ने आसानी से सिर्फ 1 विकेट गंवाकर टारगेट को चेज कर लिया। इस टूर्नामेंट में ये भारतीय टीम की लगातार छठी जीत है। इससे पहले भारतीय टीम ने सेमीफाइनल में इंग्लैंड को आसानी से 9 विकेट से हराकर फाइनल का टिकट कटाया था। भारतीय टीम ने साल 2023 में भी शेफाली वर्मा की कप्तानी में इस ट्रॉफी पर कब्जा जमाया था। भारतीय गेंदबाजों ने महिला अंडर 19 टी20 वर्ल्ड कप के फाइनल में कमाल का प्रदर्शन किया। दक्षिण अफ्रीका की टीम इस मैच में 20 ओवर में सिर्फ 82 रन पर ऑलआउट हो गई। लगातार दूसरी बार चैंपियन बनने के लिए टीम इंडिया को सिर्फ 83 रन की जरूरत थी। जिसे आसाना से भारतीय टीम ने चेज कर लिया। भारत की ओर से जी त्रिसा ने सबसे ज्यादा तीन विकेट हासिल किए। वहीं वैष्णवी, आयुषी और परुनिका सिसौदिया ने 2-2 विकेट अपने नाम किए। शबनम शकील को एक विकेट मिला। साउथ अफ्रीका के खिलाफ फाइनल मुकाबले में गेंदबाजों के कमाल के बाद भारतीय बल्लेबाजों ने भी कमाल का प्रदर्शन किया। 82 रन के टारगेट का पीछा करते हुए टीम इंडिया ने सिर्फ एक विकेट गंवाया। टीम इंडिया की ओपनर जी कामिनी सिर्फ 8 रन बनाकर आउट हो गई थी। हालांकि दूसरी ओपनर और इस टूनामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली जी त्रिसा ने 33 गेंदों में नाबाद 44 रन की पारी खेली। वहीं सानिका चालके 22 गेंदों पर 26 रन बनाकर नाबाद लौटीं। महिला अंडर 19 टी20 वर्ल्ड कप के इतिहास में अब एक संस्करण में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड भारत की जी त्रिशा के नाम हो गया है। त्रिशा ने इस टूनामेंट में 7 मैचों में 309 रन बनाए। इस टूनामेंट में उनकी औसत 77।25 की रही। त्रिशा ने इस मामले में भारत की ही श्वेता सहरावत के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा जिन्होंने साल 2023 में हुए अंडर 19 वर्ल्ड कप में 7 पारियों में 99 के औसत से कुल 297 रन बनाए थे। त्रिशा के बल्ले से फाइनल मुकाबले में भी 33 गेंदों में 44 रनों की नाबाद पारी निकली।

बसंत पंचमी पर्व पर कचहरी में सुन्दर कांड पाठ का किया गया आयोजन

मुजफ्फरनगर, 02 फरवरी (बु.)। रविवार को बसंत पंचमी पर्व पर कचहरी स्थित शिव मंदिर निकट तजेन्द्र द्वार पर रविवार को प्रवीण अरोरा एड. एवं प्रेम प्रकाश अरोरा के सहयोग से श्रद्धा एवं भक्ति पूर्ण तरीके से श्री सुंदरकांड यज्ञ का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्य यजमान रविन्द्र सिंघल एडवोकेट सपत्नीक मौजूद रहे। इस दौरान मुख्य रूप से राज कुमार अग्रवाल, अंजनी शर्मा, संजय अरोरा, राकेश तनेजा, अरुण वर्मा एड, चंद्रमणि त्यागी, विपिन बालियान, ओम सिंह बालियान एड, ईशान जैन एड, सुधीर चौधरी व हरीश सचदेवा आदि उपस्थित रहे।

सरे बाजार फायरिंग करने के मामले में छह के विरुद्ध मुकदमा

मीरापुर, 2 फरवरी (बु.)। शनिवार की देर शाम कस्बे के बाजार में फायरिंग के मामले में सर्राफ के पुत्र ने छह युवकों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस नामजद आरोपियों की तलाश में जुटी है। मीरापुर के मौहल्ला पंजाबी कॉलोनी निवासी आदर्श उर्फ तुषार पुत्र इन्द्रजीत ने मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी मेन बाजार में सर्राफ की दुकान है। शनिवार की शाम करीब 6 बजे वह अपनी दुकान पर बैठा था। आरोप है कि इस दौरान तीन बाइकों पर सवार छः युवक वहां पहुंचे और उस पर तमंचा तान दिया तथा उसकी हत्या करने के इरादे से उस पर फायर कर दी, जिससे गोली उसके पास से निकल गई। तो उसने भागकर पड़ौसी के घर में घुसकर अपनी जान बचाई। पीड़ित ने मीरापुर निवासी वंश गोस्वामी पुत्र मनोज गिरी, अंशुल भड़ाना पुत्र महकार भड़ाना तथा बहसुमा थाना क्षेत्र के गांव रहमापुर निवासी राजा, बंटी गुर्जर व बवंडर तथा एक अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मामले की जांच कर रही है। मामले की जांच कर रहे विवेचक इंस्पेक्टर सुनील कुमार मिश्रा ने बताया कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ़्तार कर लिया जायेगा।

नये जोश, नई सोच, नया भारत बनाने के लिए आईआईए युवा उद्यमी विंग की बैठक सम्पन्न

BODY OF SMALL & MEDIUM ENTERPRISES
CHAPTER CHAIRMAN

मुजफ्फरनगर, 02 फरवरी (बुस.)। इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन चैप्टर की युवा उद्यमी विंग की पहली बैठक आज आईआईए कार्यालय, प्रकाश चौक पर आयोजित की गई। इस ऐतिहासिक बैठक में शहर के होनहार युवा उद्यमियों ने भाग लिया और व्यापार जगत में नए विचारों व संभावनाओं पर चर्चा की। बैठक की अध्यक्षता करते हुए आईआईए चैप्टर के चेयरमैन पवन कुमार गोयल ने कहा कि युवा ही आने वाले समय में उद्योगों की रीढ़ हैं। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि वे अपने उद्योग को सिर्फ व्यक्तिगत लाभ तक सीमित न रखें, बल्कि समाज और देश की उन्नति के लिए भी योगदान दें। आईआईए महासचिव अमित जैन ने बैठक का संचालन करते हुए सबसे पहले सभी का आपस में परिचय कराया और कहा कि आईआईए युवा उद्यमी विंग का गठन सिर्फ एक समूह बनाने के लिए नहीं हुआ है, बल्कि यह उन सभी युवाओं के लिए एक ताकत बनेगा, जो बड़े सपने देखते हैं और उन्हें साकार करने की हिम्मत रखते हैं। बैठक में बुलड भारत एक्सपो के बारे में विस्तार से चर्चा की गई, जो 19 मार्च से प्रगति मैदान में आयोजित किया जा रहा हैं, सभी से आपने स्टॉल लगाने के लिए जोर दिया। आईआईए के संयुक्त सचिव एवं युवा उद्यमी विंग के चीफ कोऑर्डिनेटर अमन गुप्ता ने कहा कि आज हम यहां सिर्फ बातें करने के लिए इकट्ठा नहीं हुए हैं, बल्कि कुछ करने के लिए आए हैं! हम केवल उद्यमियों का समूह नहीं हैं, हम बदलाव के वाहक हैं। आईआईए के जॉइंट सेक्रेटरी और युवा विंग के जॉइंट कन्वेनर राहुल मित्तल ने कहा कि युवा ही देश की असली ताकत हैं। उन्होंने कहा कि अगर हमें भारत को आत्मनिर्भर बनाना है, तो हमें खुद को आत्मनिर्भर बनाना होगा। और यह तभी संभव है जब हम आपस में सहयोग करें, सीखें और मिलकर आगे बढ़ें। बैठक के अंत में सभी सदस्यों ने सहमति जताई कि यह विंग न केवल व्यापारिक नेटवर्क को मजबूत करेगा, बल्कि नए अवसरों और विचारों को भी जन्म देगा। यह बैठक उद्योग जगत में एक नए युग की शुरूआत थी। अब युवा उद्यमी सिर्फ अपने व्यापार तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि एक-दूसरे को आगे बढ़ाने और मिलकर सफलता की नई ऊंचाइयों को छूने के लिए प्रतिबद्ध रहेंगे। सभी ने अपने अनुभव साझा किए और आईआईए युवा उद्यमी विंग की इस पहल की सराहना की। महत्वपूर्ण बैठक में राज शाह, आचमन गोयल, अनमोल अग्रवाल, समर्थ जैन, तुषार गुप्ता, अर्चित गोयल, केशव गर्ग, मृदुल भाटिया, अनमोल गर्ग, अर्पित गोयल, नितीश, और प्रणव गोयल आदि कई युवा उद्यमी उपस्थित रहे।

दिल्ली में बदलाव का बसंत आ गया, झाड़ू बिखरने लगी: मोदी

नई दिल्ली, 02 फरवरी (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि दिल्ली में बदलाव का बसंत आ गया है और झाड़ू के तिनके बिखरने लगे हैं। इससे साफ हो गया है कि दिल्ली से 'आप-दा' जाने वाली है और गरीब एवं मध्यम वर्ग के जीवन को खुशहाल बनाने वाली भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार आने वाली है। श्री मोदी ने दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए दक्षिणी दिल्ली के आर के पुरम में एक विशाल रैली को संबोधित करते हुए कहा कि बसंत पंचमी के साथ ही मौसम बदलना शुरू हो जाता है। तीन दिन बाद, पांच फरवरी को दिल्ली में विकास का नया बसंत आने वाला है। इस बार दिल्ली में भाजपा सरकार बनने जा रही है। इस बार पूरी दिल्ली कह रही है, अबकी बार भाजपा सरकार। प्रधानमंत्री ने कहा,ह्वदिल्ली की आप-दा पार्टी ने यहां के 11 साल बर्बाद कर दिए हैं। मेरी दिल्ली के हर परिवार से प्रार्थना है कि राज्य में हमें आप सबकी, दिल्लीवासियों की सेवा का मौका जरूर दें। मैं गारंटी देता हूं कि आपकी हर मुसीबत, हर परेशानी को समाप्त करने के लिए खप जाऊंगा। गरीब हो या मध्यम वर्ग... हर परिवार का जीवन खुशहाल हो, ऐसी डबल इंजन सरकार दिल्ली को मिलेगी। उन्होंने कहा कि हमें ऐसी डबल इंजन सरकार बनानी है जो लड़ाई-झगड़े की बजाय, दिल्ली के लोगों की सेवा करे।जो बहाने बनाने की बजाय, दिल्ली को बनाने-सजाने में ऊर्जा लगाए।ह्व उन्होंने कहा कि आपने आने वाले पांच साल के लिए केंद्र में भाजपा की पक्की सरकार बना ली है, अब गलती से भी यहां आप-दा सरकार नहीं आनी चाहिए, जो दिल्ली के पांच और साल बर्बाद कर दे। श्री मोदी ने कहा कि आपदा के नेता पार्टी छोड़ रहे हैं क्योंकि वे जानते हैं कि लोग आपदा पार्टी से नफरत करते हैं। आपदा इतनी हैरान है कि वे झूठी घोषणाओं का सहारा ले रहे हैं। दिल्ली के सामने आपदा का पर्दाफाश हो गया है।

भाजपा के बहकावे में आकर पैसे के बदले उंगली पर स्याही न लगवाएं : केजरीवाल

नई दिल्ली, 02 फरवरी (वार्ता)। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने झुग्गीवासियों को सचेत करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बहकावे में आकर पैसे के बदले अपनी उंगली पर काली स्याही न लगवाएं वरना जेल हो सकती है। श्री केजरीवाल ने रविवार को एक वीडियो संदेश जारी कर दिल्ली के झुग्गीवासियों को सचेत किया। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि भाजपा के बहकावे में आकर पैसे के बदले अपनी उंगली पर काली स्याही न लगवाएं। वरना आपको जेल हो सकती है। भाजपा वाले झुग्गियों में घर-घर जाकर कह रहे हैं कि तीन हजार रुपए ले लो, चुनाव आयोग आपके घर आकर वोट डलवा देगा। यह बहुत बड़ी साजिश है। अगर आपने अपने बूथ पर गए बिना उंगली पर स्याही लगवा ली तो ये लोग फर्जी वोट डालने के जुर्म में आपको ही गिरफ्तार करवा देंगे।

एक नाम के 2 युवकों को लेकर पुलिस परेशान, पुतला फूंकने में 12 साल बाद गुलफाम के वारंट

बुढ़ाना, 2 फरवरी (बु.)। करीब 11 वर्ष पूर्व बुढ़ाना कस्बे में किसी एक मामले में केंद्र सरकार का पुतला फूंकने के प्रकरण में बुढ़ाना पुलिस ने जिस गुलफाम को नामजद किया था। उसी नाम के दो युवकों को लेकर पुलिस असमंजस में है, क्योंकि दोनों युवकों के पिता का नाम एक सा ही है। फिर भी पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। दोनों युवकों ने ही पुतला फूंकने के इस प्रकरण से अपने आपको अलग बताया है। अब इसमें किस गुलफाम के कोर्ट से वारंट जारी हुए हैं, उसी को लेकर पुलिस असमंजस में है। पुलिस भी नहीं चाहती कि इसमें कोई बेगुनाह जेल जाए।

कोर्ट से जो समन जारी हुए हैं, वे गुलफाम पुत्र इस्लाम निवासी मौहल्ला धोबियान बुढ़ाना के नाम से हैं। इस नाम का व्यक्ति मय पते के मौजूद हैं, लेकिन पुतला फूंकने या किसी भी धरना प्रदर्शन करने की गतिविधि में वह कभी भी शामिल नहीं रहा है। पिता का नाम इस्लामुद्दीन है। वह एक छोटी सी दुकान में अपना खुद का कपड़ों पर प्रेस करने का काम करता है। जब पुतला फुंका था, तब वो नाबालिग था। इस मौहल्ले के खलील, नौशाद, नदीम, गुलजार, बाबू, अरशद, साजिद, खुर्शीद, शहजाद, हमीद, चौधरी यासीन व रियासत भी कह रहे हैं। गुलफाम कभी इन मामलों में नहीं रहा। आज गुलफाम ने पुलिस को एक प्रार्थना पत्र देकर निष्पक्ष जांच की गुहार लगाई है, तो वहीं इसी नाम के गुलफाम पुत्र इस्लाम निवासी चंधेड़ी रोड बुढ़ाना सभासद हैं। जब उनसे भी बात हुई तो उन्होंने भी ये ही बताया कि वह भी कभी पुतला फूंकने के मामले में लिप्त नहीं रहे।

बसंत पंचमी के स्नान पर्व पर महाकुम्भ में श्रद्धालुओं की वापसी के लिए लगाई गई 2500 रोडवेज बसें

महाकुम्भ नगर, 02 फरवरी (वार्ता)। प्रयागराज में त्रिवेणी के तट पर लगे आस्था के जन समागम में बसंत पंचमी स्नान पर्व के पहले श्रद्धालुओं और पर्यटकों का जन सैलाब उमड़ रहा है। यूपी रोडवेज ने इन आगंतुकों को वापस उनके गंतव्य तक पहुंचाने के लिए कमर कस ली है। अलग से आरक्षित बसों के अलावा कनेक्टिंग सेवा के लिए शटल बसों का बेड़ा भी तैयार है। महाकुम्भ में दो फरवरी के शाम तक तकरीबन 35 करोड़ ने त्रिवेणी में पुण्य की डुबकी लगा ली। प्रदेश सरकार इन्हें सकुशल सुव्यवस्थित इन्हें अपने गंतव्य तक पहुंचाने के लिए पूरी तन्मयता से कार्य कर रही। यूपी रोडवेज ने अब बसंत पंचमी के स्नान के लिए अपनी कमर कस ली है। यूपी रोडवेज ने बसंत पंचमी के स्नान पर्व में आगंतुकों की वापसी के लिए 2500 बसें अलग से आरक्षित कर ली हैं। महाकुंभ क्षेत्र से चार अस्थाई बस स्टेशन पहुंच रहे आगंतुकों के लिए हर 15 मिनट में रोडवेज बस मिलेगी। इसमें भी सबसे अधिक झूसी में बनाए गए रोडवेज के अस्थाई बस स्टेशन में 1500 बसें, लखनऊ की जाने के लिए बेला कछार में बनाए गए बस स्टेशन में 600 बसें, कानपुर की तरफ जाने वाले आगंतुकों के लिए नेहरू पार्क बस स्टेशन में 300 और मिर्जापुर बांदा की तरफ जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए लेप्रोसी अस्थाई बस स्टेशन में 100 रोडवेज बसें आरक्षित हैं।

बसंत पंचमी: नए अधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारी, छह चरणों में सुरक्षा

लखनऊ, 02 फरवरी (एजेंसी)। वसंत पंचमी के अमृत स्नान पर्व को लेकर महा कुम्भ प्रशासन ने महा कुम्भ क्षेत्र में आवागमन और भीड़ को एक जगह जमा होने से रोकने के लिए विशेष योजना बनाई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर इसमें नए अधिकारियों की जिम्मेदारी और नए सिरे से पुलिस बल का डिप्लॉयमेंट भी शामिल है। बसंत पंचमी के स्नान पर्व को देखते हुए महा कुम्भ प्रशासन ने पुलिस के डेप्लायमेन्ट प्लान में सुदृढ़ीकरण के लिए 6 चरणों की विशेष योजना तैयार की है। इसके अंतर्गत सबसे पहले वर्तमान में मौजूद सीएपीएफ एवं पीएसी कम्पनियों का रि-डेप्लायमेन्ट किया जायेगा। साथ ही अतिरिक्त राजपत्रित पुलिस अधिकारीगण की तैनाती की जाएगी। महाकुम्भ क्षेत्र में बैरियर एवं बैरिकेडिंग का सुदृढ़ीकरण भी किया जायेगा। महा कुम्भ क्षेत्र में लगे साइनेजेज को पर्याप्त ऊंचाई एवं दृश्य स्थानों पर लगवाया गया है। आई ट्रिपल सी की तरफ से द्वारा एलर्ट मैसेज की संख्या में बढ़ोत्तरी की गई है। इसके साथ ही सबसे महत्वपूर्ण कार्य संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त बल की तैनाती का किया गया है। इस नई योजना के अंतर्गत अखाड़ा क्षेत्र में सीएपीएफ की 07 कंपनियों को हटाकर आवश्यक नए क्षेत्रों में लगाया जाएगा। इसमें 03 कंपनी को दक्षिणी झूंसी क्षेत्र, 02 कंपनी उत्तरी झूंसी क्षेत्र में, 02 प्लाटून शास्त्री पुल में और एक एक प्लाटून काली रैम्प से अपर संगम मार्ग क्षेत्र में एवं काली अपर संगम मार्ग से संगम क्षेत्र में लगाई जाएगी।

चिल्ड्रन एकेडमी में मना बसंत पंचमी का पर्व

मुजफ्फरनगर, 02 फरवरी (बुस.)। शनिवार को चिल्ड्रन एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विद्यालय के प्रधानाचार्य अमर पांचाल ने सीनियर विंग में दीप प्रज्वलित किया और बसंत पंचमी की बधाई देते हुए कहा कि आज हम यहाँ बसंत पंचमी के इस पावन अवसर पर एकत्र हुए हैं। बसंत पंचमी का पर्व हमें न केवल मौसम के बदलाव का अहसास कराता है, बल्कि यह ज्ञान की देवी सरस्वती की पूजा का दिन भी है। आज के दिन हम सभी को संकल्प लेना चाहिए कि हम अपने जीवन में ज्ञान और अनुशासन का पालन करेंगे। बसंत पंचमी हमें यह संदेश देती है कि जीवन में हर दिन नया है, और हमें हर दिन को एक नई उम्मीद और उत्साह के साथ जीना चाहिए। उप प्रधानाचार्या सान्या निगम ने जूनियर विंग में दीप प्रज्वलित किया व सरस्वती माँ का श्रृंगार कर सभी को बसंत पंचमी की बधाई देते हुए कहा बसंत पंचमी का पर्व हमारे जीवन में नई उमंग और ऊर्जा का संचार करता है। यह दिन हमें न केवल मौसम के परिवर्तन का अहसास कराता है, बल्कि यह हमारे आंतरिक विकास और मानसिक शांति की ओर भी मार्गदर्शन करता है। बसंत पंचमी हमें यह सिखाती है कि जैसे बसंत ऋतु में फूल खिलते हैं, वैसे ही हमें अपने जीवन में हर दिन कुछ नया सीखने और खुद को बेहतर बनाने की कोशिश करनी चाहिए। इस दिन को हम अपने लक्ष्य की ओर एक कदम और बढ़ने के रूप में मानते हैं। हम सब मिलकर इस दिन को ज्ञान, प्रेम और सकारात्मकता से भरा हुआ बनाएं और अपने जीवन को सार्थक बनाने के लिए प्रतिबद्ध हों। बच्चों ने निबंध लेखन, कविता लेखन, पोस्टर मेकिंग, क्राफ्ट मेकिंग में पतंग आदि जैसे कलाकृतियां प्रस्तुत किये। मधुर तान, आई झूम के बसंत, रंग बसंती आदि गानों पर बच्चों ने सुंदर प्रस्तुति दी। बच्चे लाल-पीले पोशाकों में सरसों और गुलाब जैसे लग रहे थे। इस अवसर पर समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

जर्मनी के पूर्व राष्ट्रपति होर्स्ट कोहलर का निधन

बर्लिन, 02 फरवरी (वार्ता)। जर्मनी के पूर्व राष्ट्रपति होर्स्ट कोहलर का निधन हो गया है। वह 81 वर्ष के थे। जर्मनी के संघीय राष्ट्रपति कार्यालय ने बताया कि श्री कोहलर का बीमारी के बाद शनिवार तड़के निधन हो गया। जुलाई 2004 से मई 2010 तक जर्मनी के राष्ट्रपति रहे श्री कोहलर ने जर्मनी के सशस्त्र बलों के विदेशी अभियानों के संबंध में अपनी टिप्पणियों की आलोचना के बाद अप्रत्याशित रूप से पद से इस्तीफा दे दिया। जर्मनी के राष्ट्रपति फ्रैंक-वाल्टर स्टीनमीयर ने शनिवार को ईवा लुइस कोहलर के पति की मृत्यु पर संवेदना व्यक्त की और देश के लिये श्री कोहलर की सेवा और योगदान की सराहना की।

पार्वती और आरगा झील को अंतर्राष्ट्रीय मान्यता दिलाएंगे: योगी

गोण्डा, 2 फरवरी (वार्ता)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ नें शनिवार को कहा कि पार्वती और आरगा झील परिसर में वर्ल्ड वेटलैंड डे के आयोजन का मकसद इसे अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता दिलाने का है। गोण्डा जिले में स्थित पार्वती आरगा बिहार में रविवार को आयोजित विश्व आर्द्रभूमि दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुये उन्होंने कहा कि देश-प्रदेश की सभी झीलों को अस्तित्व में लाकर विकसित करने के साथ रोजगार परक बनाने के लिये सभी को अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी। झीलें वास्तव में प्राकृतिक मूल स्वरूप की ओर लोगों को आकर्षित करती हैं। पर्यटन की दृष्टि से झीलों को विकसित करने की जिम्मेदारी सरकार निभा रही है। उन्होंने साइबेरियन प्रवासी पक्षियों का जिक्र करते हुये कहा कि विदेशी पक्षी अपने देशों को परिस्थितियों से लोगों को अवगत कराती है। हजारों मील का सफर तय कर हर बार आने वाली पक्षी तय समय पर वापस अपने गंतव्य पर लौट जाते हैं।

कश्मीर के मैदानी इलाकों में बारिश के बाद हल्की बर्फबारी

श्रीनगर, 02 फरवरी (वार्ता)। जम्मू-कश्मीर के मैदानी इलाकों में रुक-रुक कर बारिश हो रही है जबकि गुलमर्ग और पहलगाम जैसे पर्यटन स्थलों सहित कुछ ऊंचे इलाकों में हल्की बर्फबारी हुई। अधिकारियों ने बताया कि जम्मू-कश्मीर की ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर और घाटी के अन्य हिस्सों में शनिवार और रविवार की दरम्यानी रात को रुक-रुक कर हल्की बारिश हुई। जम्मू के कुछ हिस्सों में भी रात भर हल्की बारिश हुई। मौसम विभाग श्रीनगर ने बताया कि इस दौरान उत्तरी कश्मीर के बारामुल्ला जिले के स्की रिसॉर्ट गुलमर्ग में 5.1 सेमी , पहलगाम में 2.8 सेमी और कुपवाड़ा में 2.5 सेमी बर्फबारी हुई। दक्षिण कश्मीर में पीर पंजाल पर्वत श्रृंखला सहित कश्मीर घाटी के कुछ ऊंचे इलाकों में भी हल्की बर्फबारी हुई। मौसम विभाग ने पूर्वानुमान लगाया है कि अगले 24 घंटों के दौरान जम्मू-कश्मीर में अलग-अलग स्थानों पर हल्की बारिश या बर्फबारी, छींटे पड़ने की संभावना के साथ आमतौर पर बादल छाए रहेंगे।

नासिक-सूरत हाईवे पर भीषण सड़क हादसा,सात की मौत

मुंबई, 02 फरवरी (वार्ता)। महाराष्ट्र में नासिक-सूरत हाईवे पर सापूताड़ा घाट पर रविवार सुबह एक भीषण सड़क हादसे में सात लोगों की मौत हो गई जबकि 15 अन्य गंभीर रूप से घायल हुए। हादसे का शिकार हुए सभी यात्री मध्य प्रदेश के हैं। हादसा इतनी भीषण था कि बस के गिरते ही उसके परखच्चे उड़ गए। करीब 50 श्रद्धालुओं से भरी लग्जरी प्राइवेट बस अनियंत्रित होकर 200 फीट गहरी खाई में गिर गई। घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार, श्रद्धालुओं से भरी यह बस कुंभ से आ रही थी और गुजरात के धार्मिक स्थलों के दर्शन करने जा रही थी। इस बीच सापुतारा के मालेगांव घाट के पास यह हादसा हुआ। सुबह करीब 5:30 बजे नासिक-सूरत हाईवे पर सापुतारा घाट के पास प्राइवेट बस अनियंत्रित होकर 200 फीट गहरी खाई में गिर गई। हादसे के तुरंत बाद वहां चीख-पुकार मच गई। आस-पास के लोगों ने जब बस हादसा देखा तो तुरंत घायलों की मदद के लिए पहुंचे।

नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं, रविन्द्र कुमार पुत्र अजब सिंह, निवासी 57, मुश्तर्क,मीरापुर, मुजफ्फरनगर, पिन-251315 ने अपना नाम रविन्द्र कुमार से बदलकर रविन्द्र चौधरी पुत्र अजब सिंह चौधरी कर लिया है। अब से मुझे भविष्य के सभी उद्देश्यों के लिए रविन्द्र चौधरी के नाम से जाना जाएगा।

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र संख्या 9746, दिनांक 06/10/2015 में गलती से नाम मयूर कराया गया था जबकि उसका वास्तविक नाम मयूर मित्तल हैं और मेरे नाम में भी विनय मित्तल हो गया था। जबकि वास्तव में विनय कुमार मित्तल होना है और मेरी पत्नी वर्षा मित्तल हो गया था जो वास्तव में वर्षा मित्तल (वर्षा) होना है जो भविष्य में भी इसी नाम से जाना जायेगा। नाम संशोधन हेतु शपथ पत्र विभाग में प्रस्तुत किया जा रहा है।

विनय कुमार मित्तल
239/1 आनन्दपुरी, मुजफ्फरनगर
मो. 7906457404

1973-2025

सम्पादक की क़लम से

दिल्ली में कांग्रेस और केजरीवाल

एक समय दिल्ली की राजनीति में एक मजबूत ताकत रही कांग्रेस, पिछले दो विधानसभा चुनावों में अपना खाता तक नहीं खोल पाई है। 2013 में आम आदमी पार्टी की सरकार बनने से पहले कांग्रेस ने लगातार पंद्रह साल तक दिल्ली की सरकार चलायी थी, जब कांग्रेस दिल्ली में अपने शीर्ष पर थी, तब उसके पास 40 फीसदी तक का वोट शेयर था, लेकिन 2020 के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस सिर्फ 4.26 प्रतिशत ही वोट हासिल कर सकी। कांग्रेस इस बार दिल्ली में कुछ गंभीर तो लग रही है, लेकिन सत्ता के नजदीक पहुँचेगी, यह किसी को भी नहीं लग रहा है। कांग्रेस के तीन राज्यों पंजाब, दिल्ली और गुजरात के नेताओं ने राहुल गांधी को यह यकीन दिलाया कि क्षेत्रीय पार्टियाँ उनके वोट शेयर को खा रही हैं। इस स्थिति में कांग्रेस को अपना वोट वापस पाने के लिए इन पार्टियों के खिलाफ चुनावी लड़ाई लड़नी होगी। अगर यह फैसला दिल्ली में लिया गया है, तो कांग्रेस को इस साल के अंत में बिहार में भी इसी तरह का कदम उठा सकती है, क्योंकि बिहार में क्षेत्रीय पार्टियाँ भी कांग्रेस के वोट शेयर को लेकर बैठी हुई हैं। राहुल गांधी को इसे उन तमाम राज्यों में लागू करना पड़ेगा, जैसे दिल्ली में किया गया है, लेकिन क्या ऐसा होगा? इसकी संभावना बहुत कम लगती है, क्योंकि आरजेडी के साथ राहुल गांधी ऐसा नहीं कर सकते। कांग्रेस हर राज्य में इसी चुनौती का सामना कर रही है, सिर्फ.दिल्ली ही में नहीं,हरियाणा, बिहार, महाराष्ट्र या अन्य राज्यों में संगठन की कमी है। कई राज्यों में तो 15-15 साल से ज़िला अध्यक्ष या ब्लॉक अध्यक्ष नहीं हैं और कांग्रेस जनता के बीच चुनाव लड़ने जा रही है। यह स्पष्ट है कि कांग्रेस का संगठन पर काम करना बहुत लंबित पड़ा हुआ है और पार्टी उस पर गंभीरता से काम करने की कोशिश नहीं कर रही है। पिछले साल नवंबर में हुए महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में बीजेपी, शिवसेना शिंदे और एनसीपी अजित पवार के गठबंधन महायुति को शानदार जीत मिली। 2024 जून में शुरू हुई 'लाडकी बहिण' योजना को भी इस जीत की एक बड़ी वजह माना गया। यही वजह है कि कांग्रेस, बीजेपी या आम आदमी पार्टी, सभी ने महिलाओं को अपनी तरफ करने की पूरी कोशिश की है। अब देखना होगा कि महिलाएं किसके वादों पर ज्यादा भरोसा करती हैं। इस बार जो दिल्ली के वीडियो आ रहे हैं, उन्हें देखकर यही लगता है कि कांग्रेस और केजरीवाल दोनों ही जनता के दिल में नहीं हैं। महिलाएं केजरीवाल को अपशब्द कहते हुए भी दिख रही हैं और कांग्रेस का उन्हें भरोसा ही नहीं है, फिर भी कोई गणित अगर बैठ गया, तो केजरीवाल की पार्टी सरकार बना सकती है, लेकिन केजरीवाल के बिगड़े हुए बयान संकेत दे रहे हैं कि उन्हें अपनी सीट से भी जीत की उम्मीद नहीं है। महिलाएं वोटर के तौर पर तकरीबन आधी हैं और इन्हें रिझाने के लिए सभी पार्टियाँ प्रयास कर रही हैं। एक ऐसा वीडियो भी सामने आया कि केजरीवाल भाषण दे रहे हैं सौ से कम सुनने वाले हैं, उसी नुक्कड़ सभा में, पीछे लोग किसी कैमरे पर कह रहे हैं कि सरासर झूट बोला जा रहा है, हम झाड़ू का बटन नहीं दबाएंगे। बात करने वालों में महिलाएं भी थीं, महिलाओं के लिए सबसे बड़ा मुद्दा यह है कि उन्हें फ्री की चीजें तो मिल गई हैं, लेकिन वे सड़कें भी अच्छी चाहती हैं, पानी भी पीने योग्य चाहती हैं, इस कारण महिलाएं बीजेपी को वोट दे सकती हैं। पहले तो दिल्ली का वोटर अरविंद केजरीवाल और नरेंद्र मोदी को अलग-अलग नजरिए से देखता था, दिल्ली विधानसभा चुनाव में लोग केजरीवाल को वोट देते थे, जबकि लोकसभा चुनाव में नरेन्द्र मोदी को। अब माहौल बदल गया है, अरविंद केजरीवाल की छवि को कुछ झटका लगा है, खासकर शीशमहल और शराब घोटाले की वजह से दिल्ली में 13 प्रतिशत मुस्लिम आबादी है, जिनके पास कोई और विकल्प नहीं है। लगभग 17 प्रतिशत दलित वोटर हैं, सीएसडीएस के सर्वे के मुताबिक 2020 में इनमें से 69 प्रतिशत ने आम आदमी पार्टी को वोट दिया था। सीएसडीएस के सर्वे के अनुसार 2020 में 60 प्रतिशत महिलाओं ने आम आदमी पार्टी को वोट दिया था, जबकि केवल 35 प्रतिशत महिलाओं ने बीजेपी को वोट दिया। इस बार अगर महिलाओं के वोट में थोड़ा बहुत बदलाव होता भी है, तो कहानी बदल भी सकती है। राहुल गांधी यमुना के साथ-साथ कूड़े के पहाड़ों को भी चुनाव प्रचार में आप सरकार के खिलाफ बड़ा हथियार बनाना चाहते हैं। यमुना की स्थिति पर उन्होंने जो डॉक्यमेंटरी तैयार कराई है, पार्टी इसका जगह जगह प्रदर्शन करना चाहती थी। पार्टी ने निर्वाचन आयोग से इसे लेकर अनुमति मांगी थी, लेकिन मिली नहीं। राहुल ने यमुना पर बनी डाक्यूमेंटरी जहां एक्स पर पोस्ट कर दी है। वहीं कूड़े के पहाड़ को लेकर भी वह शांत नहीं बैठे हैं। बताया जा रहा है कि वह भलस्वा लैंडफिल साइट का दौरा कर सकते हैं, जहां हाल ही में कूड़े के पहाड़ का कुछ हिस्सा नीचे ढह कर एक मकान पर भी गिर गया था। कांग्रेस इस बार केजरीवाल को किसी भी मोर्चे पर रियायत देने के मूड में नहीं है। प्रधानमन्त्री ने पिछले दिनों आप पार्टी को आपदा कहा था कल कि रैली में भी प्रधानमन्त्री ने आप पार्टी पर जमकर निशाना साधा और आप को फिर आपदा बताया। प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने कल दिल्ली में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि आपदा वाले झूठ फैला रहे हैं कि दिल्ली में बीजेपी की सरकार बनी तो सारी झुग्गी-झोपड़ियां तोड़ दी जाएंगी। ये सरासर झूठ है। मैं आपसे कहता हूं कि दिल्ली में एक भी झुग्गी-झोपड़ी नहीं तोड़ी जाएगी। रैली में प्रधानमन्त्री ने कहा हम देख रहे हैं कि वोटिंग से पहले ही, झाड़ू के तिनके बिखर रहे हैं,आपदा के नेता इसे छोड़ रहे हैं, वे जानते हैं कि लोग आपदा से नाराज हैं, उन्होंने कहा कि बसंत पंचमी के साथ ही मौसम बदलना शुरू हो जाता है, तीन दिन बाद दिल्ली में विकास का नया बसंत आने वाला है। इस बार दिल्ली में भाजपा सरकार बनने जा रही है। इस बार पूरी दिल्ली कह रही है अब की बार बीजेपी सरकार। यहां की आपदा पार्टी ने दिल्ली को भ्रष्टाचार में डुबा दिया है। एक बार भाजपा को सेवा का मौका दें। मैं वायदा करता हूं आपको हर समस्या का समाधान करने के लिए खप जाऊंगा। दिल्ली के लोगों के गुस्से से आपदा पार्टी इतनी घबरा गई है कि हर घंटे झूठी घोषणा कर रही है, यह बात अलग है। दिल्ली की जनता के सामने आपदा वालों का नकाब उतर चुका है।

चार मोती

सुनील उत्सव

"अक्ल" "पैदल" "सियासी" "नौटंकी"

भ्रष्टों की भी कमी नहीं है, विक्षिप्तों की कमी नहीं,
अक्ल से पैदल मक्कारों की, बीमारों की कमी नहीं।
एक को ढूंढने जाओगे तो मिल जाएंगे एक हजार,
आज सियासी नौटंकी के किरदारों की कमी नहीं।

आत्म बोध मंदिर में स्थापित प्रतिमाओं ने भक्तों को किया मंत्र मुग्ध

- एक से एक बढ़कर प्रतिमाओं को देखने वालों का रहा तांता - नगर के गणमान्य व्यक्तियों ने मंदिर पहुंच लिया आशीर्वाद

मुजफ्फरनगर, 02 फरवरी (बु.)। नगर के पश्चिमी छोर पर स्थित श्री महाकाली मंदिर आत्म बोध योग आश्रम नदी घाट पर रविवार को नये विग्रहों के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का पूजा-अर्चन, हवन एवं भंडारे के साथ विधिवत समापन हो गया। इस बीच संपन्न कार्यक्रम में स्वरूप परिवार के साथ मुजफ्फरनगर शहर के अधिकांश प्रतिष्ठित परिवारों की मौजूदगी में हवन में पूर्ण आहुति एवं भगवान को भोग लगाने के बाद भंडारे में प्रसाद ग्रहण में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। श्री महाकाली मंदिर आत्म बोध योग आश्रम नदी घाट मंदिर प्रांगण में रविवार को मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा एवं भंडारे के साथ सात दिवसीय कार्यक्रम संपन्न हो गया। इससे पूर्व मंदिर प्रांगण में विद्वान पंडितों के सानिध्य में बीते सोमवार, 27 जनवरी से प्रतिदिन होने वाले इस प्राण प्रतिष्ठा पूजन कार्यक्रम में स्वरूप परिवार ने धार्मिक अनुष्ठान में श्रद्धा भाव से भाग लिया। इस दौरान मुख्य यजमान रीना स्वरूप बंसल एवं शंकर स्वरूप बंसल के साथ अन्य यजमानों में अरूणा स्वरूप, नीता स्वरूप, संजय स्वरूप, चारू-अजय स्वरूप, नीलम-मनोज स्वरूप, अंश-अनुज स्वरूप, नगर पालिका परिषद चेयरपर्सन मिनाक्षी स्वरूप-गौरव स्वरूप, अमिता-सौरभ स्वरूप बंटी, अन्नू-विकास स्वरूप बब्बल, पल्लवी-वैभव स्वरूप, स्वाति-अभिनव स्वरूप, वसुन्धरा-राघव स्वरूप, श्वेता-केतन स्वरूप, रिद्धि- माधव स्वरूप, कनिका-करण स्वरूप, आकांक्षा-कार्तिक स्वरूप, अनुश्रुति-कुश स्वरूप, सिद्धार्थ स्वरूप, ध्रुव स्वरूप, सार्थक स्वरूप, अक्षत स्वरूप, गौरी, वारूणी, नन्दिनी, शौर्य, आद्धया, कैरवी, राईसा, गौरवी आदि पूरा स्वरूप परिवार मौजूद रहा। रविवार की दोपहर महाकाली मंदिर आत्म बोध योग आश्रम नदी घाट मंदिर प्रांगण में विद्वान पंडितों ने प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य यजमानों ने पूर्ण आहुति व भोग लगाने के बाद भंडारे का आयोजन किया। इस दौरान एक ही छत के नीचे भगवान की विभिन्न स्वरूपों के दर्शन करने को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। मंदिर पहुंचे परिवारों ने मंदिर में दर्शन लाभ के साथ भोग प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में मुजफ्फरनगर बुलेटिन के संपादक एवं पंजाबी समाज के अध्यक्ष अंकुर दुआ ने भी भगवान के दर्शनों का लाभ प्राप्त किया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से वरिष्ठ अधिवक्ता एनके अरोरा, सुखदेव मित्तल, परीक्षित मित्तल, सुरेंद्र अग्रवाल, अश्रण गोयल सर्राफ, सतीश गर्ग, साधु राम गर्ग, कुलदीप गोयल, प्रेम किशोर त्यागी, मनु त्यागी इंद्रलोक, शिव चरण गर्ग, अंकित सिंघल, गौरव जैन श्रीजी इन्फो., शोभित गुप्ता, गौरव मुंडे, तरुण मित्तल, अशोक सरीन, अभिनव गोयल मोन्टी, बंटी गोयल समेत हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने दर्शन लाभ के साथ प्रसाद ग्रहण किया।

मां सरस्वती की पूजा के साथ जनपद में मना बसंत पंचमी पर्व

- बसंत पंचमी का अमृत स्नान सुबह 07.09 बजे से होगा शुरू - हनुमान मंदिर समेत नगर में होलिका दहन स्थल में रखा बसंत

मुजफ्फरनगर, 02 फरवरी (बु.)। जनपदभर में बसंत पंचमी पर्व रविवार को धूमधाम से मनाया गया। ज्ञान की देवी मां सरस्वती को खुश करने के लिए इस खास दिन जहां एक ओर कुछ चीजों के साथ बसंत पंचमी पर पढ़ाई-लिखाई से जुड़ीं चीजें दान करनी चाहिए। इससे व्यक्ति के कैरियर में काफी उन्नति प्राप्त होती है। वहीं जरूरतमंद बच्चों को पेंसिल, किताबें और पेन दान में देना शुभ माना जाता है। रविवार को बसंत पंचमी पर्व के बीच नगरीय क्षेत्र में होलिका दहन स्थल पर पंडितों एवं क्षेत्रवासियों ने होली से सवा माह पूर्व नगर के हनुमान चौक, गर्बी स्कूल, प्रेमपुरी, मोतीमहल, शिवचौक, नई मंडी, आर्यपुरी, साकेत, ब्रह्मपुरी, इन्दिरा कालौनी, कृष्णापुरी व गांधी कालोनी समेत विभिन्न होलिका दहन स्थलों पर पूजा अर्चना कर बसंत रखा गया। वहीं स्कूलों-कॉलेजों में इस बीच मां सरस्वती की पूजा अर्चना एवं हवन आदि आयोजित किए गए। बसंत पंचमी पर्व को लेकर जारी ऊहापोह के बीच जनपद में रविवार को बसंत पंचमी पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान एसडी कॉलेज मार्किट में जहां भारतीय योग संस्थान द्वारा बसंत पंचमी पर्व मनाया गया। वहीं विभिन्न स्थानों में बसंत पंचमी पर्व पर पीले वस्त्र पहनकर पूजा अर्चना की। उधर, स्वराज्य पुरा समिति हनुमान मंदिर हनुमान चौक पर मंदिर समिति द्वारा हवन पूजन के साथ बसंतोत्सव मनाया गया। इस दौरान मन्दिर प्रांगण में ध्वज पूजन करते हुए स्थापना कर मां सरस्वती और हनुमानजी की पूजा अर्चना की गई। कार्यक्रम की इस कड़ी में समिति द्वारा हवन कर देश की तरक्की व सुख शान्ति की प्रार्थना की गई। पं. सश्चिदानन्द एवं अनिल मिश्रा के सानिध्य में पूजन किया गया। उन्होंने बताया कि बसंत पंचमी पर मां सरस्वती को पीले चंदन का टीका लगाने और उसी चंदन को अपने मस्तक पर लगाने से माता सरस्वती का आशीर्वाद प्राप्त होता है। सरस्वती मां को पीले रंग की मिठाई और पीले रंग के फलों का भोग लगाने व पान या सुपारी चढ़ानी चाहिए। इस दौरान मुख्य रूप से अध्यक्ष सुनील गर्ग, गोपाल मित्तल, संजय गर्ग, दीपक मित्तल, संजीव सिंघल, अश्वनी गर्ग, ब्रजमोहन तायल, राजकुमार गर्ग, पवन वर्मा, विजय पेन्टर आदि ने भाग लिया। वहीं दूसरी ओर चौधरी चरण सिंह मार्किट महावीर चौक पर बसंत पंचमी के उपलक्ष्य में प्रकाश डेंटल क्लीनिक के डडॉ. अखिल गोयल द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में हजारों भक्तों एवं राहगीरों ने प्रसाद ग्रहण किया गया। प्रसाद वितरण के दौरान प्रेमपाल सिंह, दिनेश कुमार, सोनू कौशिक, विनोद धीमान, परविन्द्र धीमान, करण धीमान, राजेश कुमार, अमित वर्मा, ललित कोरी, आशु आदि मौजूद रहे। इसके अलावा नगरीय क्षेत्र में इस बीच बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों ने हालिका दहन स्थलों पर पूजा अर्चना करते हुए बसंत रखा गया। बता दें, वैसे तो रविवार को देशभर में रविवार को बसंत पंचमी का पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया, लेकिन विद्वानों के अनुसार सोमवार को बसंत पंचमी का सर्वार्थ सिद्धि योग सुबह 07 बजकर 09 मिनट से शुरू होगा, जो अगले दिन मध्य रात्रि 12 बजकर 52 मिनट तक रहेगा। वहीं अमृत काल रात 08 बजकर 24 मिनट से 9 बजकर 53 मिनट तक रहेगा। चूंकि स्नान ब्रह्ममुहूर्त में मान्य है इसलिए बसंत पंचमी का अमृत स्नान 3 फरवरी को प्रयागराज महाकुंभ के साथ देश भर में किया जाएगा।

भाविप समृद्धि द्वारा बसंत उत्सव आयोजन

मुजफ्फरनगर, 02 फरवरी (बु.)। भारत विकास परिषद समृद्धि मुजफ्फरनगर द्वारा बसंत पंचमी के उपलक्ष में पतंग उत्सव ग्रेन चैम्बर पब्लिक स्कूल (सीनियर विंग), नवीन मंडी स्थल, मुजफ्फरनगर में मनाया गया। सभी सदस्यों द्वारा माँ सस्वती की वंदना करी। उसके पश्चात शाखा के सभी सदस्यों ने रंग बिरंगी पतंग उड़ाई। पूरा आसमान मानो इन्द्रधनुष के रंगों से भर गया हो। कार्यक्रम चेयरमैन-डॉ. विनोद वर्मा जी रहे। कार्यक्रम संयोजक- महिला समिति समृद्धि शाखा रही। सभी परिवार पीले रंग के परिधानों में उपस्थित रहे। शाखा अध्यक्ष पंकज बंसल द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में परिवारों ने स्वादिष्ट चटपटी चाट का आनंद लिया। कार्यक्रम में शाखा के 50 परिवार उपस्थित रहे। शाखा संरक्षक विनोद संगल, महेश गर्ग, मनोज जैन, विवेक मित्तल, राजेश मित्तल, डॉ. प्रवेश कुमार(विकास रत्न), विवेक वर्मा, मनीष बंसल, अजय अरोरा, रुचि गुप्ता, मानसी वर्मा, अनुपमा कर्णवाल, प्रतिभा बंसल, डॉ. पारुल जैन, स्वीटी बंसल, अध्यक्ष पंकज बंसल, सचिव अचिन अग्रवाल, कोषाध्यक्ष अमर माहेश्वरी, महिला संयोजिका ऋचा गुप्ता उपस्थित रहे।

हनुमान चौक पर विधि विधान से रखा गया बसंत

मुजफ्फरनगर, 02 फरवरी (बु.)। बसंत पंचमी महोत्सव हनुमान मन्दिर हनुमान चौक पर विधि-विधान के साथ मां सरस्वती जी पूजन-हवन कर बसंत पंचमी उत्सव मनाया गया। स्वराज्य पुरा समिति हनुमान मन्दिर हनुमान चौक मुजफ्फरनगर पर आज हवन-पूजन के साथ बसंतोत्सव बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम मन्दिर प्रागणं में ध्वज पूजन कर स्थापना कर मां सरस्वती व हनुमान जी महाराज की पूजा-अर्चना की गई व हवन कर देश की तरक्की व सुख शान्ति की प्रार्थना की गई। पंडित सश्चिदानन्द, अनिल मिश्रा के सानिध्य में अध्यक्ष सुनील गर्ग, महामंत्री गोपाल मित्तल, भाजपा जिला उपाध्यक्ष संजय गर्ग, कोषाध्यक्ष दीपक मित्तल, संजीव सिघल, अश्वनी गर्ग,ब्रजमोहन तायल, राजकुमार गर्ग, पवन वर्मा, विजय पेन्टर आदि नगरवासियों ने भाग लिया।

एम.जी. पब्लिक स्कूल में आस्था और उल्लास से हुआ बसंत का स्वागत

मुजफ्फरनगर, 02 फरवरी (बुस.)। एम.जी. पब्लिक स्कूल विद्यालय के प्रांगण में रितुराज बसंत का पूर्ण आस्था और उल्लास से परिपूर्ण वातावरण के बीच आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से स्वागत किया गया। बसंत पंचमी के अवसर पर विद्यालय परिसर में हवन का आयोजन किया गया। इससे पहले ज्ञान और कला की प्रतीक देवी मां सरस्वती की पूजा-अर्चना की गयी। हवन के उपरांत विद्यालय में बालिकाओं का भी पूजन कर तिलक करते हुए उनको मिष्ठान्न वितरित किया गया। एम.जी. पब्लिक स्कूल में रितु परिवर्तन और देवी सरस्वती के पूजन के पर्व बसंत पंचमी पर आस्था और उल्लास का वातावरण नजर आया। पूरा प्रांगण पतंग और बंदरवार से सजाते हुए आकर्षक साज सज्जा की गई थी। रविवार को सवेरे विद्यालय प्रांगण में हवन हुआ। इसमें मुख्य यजमान के रूप में प्रधानाचार्या मोनिका गर्ग ने शिक्षक एवं शिक्षिकाओं के साथ जनकल्याण की प्रार्थना के साथ आहुति दी। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के मूर्ति के सक्षम दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात सभी ने हवन में प्रतिभाग किया और आरती की। सभी पीले वस्त्रों को धारण कर कार्यक्रम में शामिल हुए और देश-प्रदेश की उन्नति और जन कल्याण के भाव के साथ मां सरस्वती का पूजन किया। प्रधानाचार्या मोनिका गर्ग ने बसंत पंचमी के इस त्यौहार के सामाजिक और धार्मिक महत्व को समझाते हुए बताया कि रितुराज बसंत के आगमन से केवल इंसान ही नहीं बल्कि देवता भी प्रसन्न होते हैं। पेड़-पौधों पर नई कोंपले निकलनी शुरू हो जाती हैं। इसे परिवर्तन का त्यौहार माना जाता है, बसंत से ही मौसम में नया बदलाव देखने को मिलता है। यह खुशहाली और हरियाली का पर्व है। यह हमें परिवर्तन का प्रेरक संदेश देता है, ताकि हम परिवर्तन को स्वीकार कर जीवन में अच्छाई को ग्रहण करें और बुराई का त्यागी करें। उन्होंने बताया कि बसंत पंचमी के उपलक्ष में विद्यालय में कई दिनों से कक्षा आधारित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कराया गया। इसमें छात्र-छात्राओं के बीच पतंग सज्जा प्रतियोगिता आकर्षण का केन्द्र रही। इसके साथ ही पोस्टर मेकिंग, कविता लेखन और भजन प्रतियोगिता भी कराई गई। सभी में बच्चों ने पूर्ण उत्साह के साथ प्रतिभाग करते हुए अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया। अंत में उन्होंने सभी को बसंत पंचमी की शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य और स्वस्थ जीवन के लिए मां सरस्वती से कामना की। सभी को मीठे पीले चावल का प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

आर्म्स एक्ट के मामले में फरार वारंटी को किया गिरफ्तार

चरथावल, 02 फरवरी (बु.)। थाना क्षेत्र के ग्राम कसौली से पुलिस ने आर्म्स एक्ट के मामले में न्यायालय में पेश न होने पर फरार चल रहे वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पकड़े गए अभियुक्त को जेल भेज दिया है। दरअसल चरथावल थाना प्रभारी जसवीर सिंह के नेतृत्व में उपनिरीक्षक परवेन्द्र सिंह ने हेड कांस्टेबल अजीत कुमार ने थाना क्षेत्र के ग्राम कसौली से थाना तितावी में दर्ज आर्म्स एक्ट के मुकदमे में न्यायालय में पेश न होने पर फरार चल रहे वारंटी रवि कुमार पुत्र राजपाल सिंह निवासी ग्राम कसौली थाना चरथावल को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पकड़े गए वारंटी अभियुक्त को जेल भेज दिया है।

लायंस क्लब प्रयाग की पारिवारिक सभा का हुआ आयोजन

मुजफ्फरनगर, 02 फरवरी (बु.)। स्थानीय सांसद रोड स्थित एक पार्टी हॉल में लायंस क्लब मुजफ्फरनगर प्रयाग की पारिवारिक सभा का आयोजन किया गया। बसंत उत्सव की थीम पर आधारित इस परिवारिक सभा में गांधी कॉलोनी के सभासद अमित पटपटिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने गांधी कॉलोनी में हो रहे विकास कार्यों को गिनाते हुए समर्पित युवा समिति के तत्वाधान में आयोजित हो रहे ब्लड डोनेशन कैंप एवं नेत्रदान के विषय में अपने विचार प्रस्तुत किये। क्लब के द्वारा उत्कृष्ट कार्य हेतु उनको सम्मानित किया गया। उनके आहवान पर क्लब अध्यक्ष लायन अजय भारती ने निकट भविष्य में क्लब के द्वारा एक रक्तदान शिविर आयोजित करने की बात कही, वहीं लाइन नेट चारू गुप्ता तथा लर्नर बबीता गुप्ता ने मरणोपरांत नेत्रदान के लिए फॉर्म भरे। अध्यक्ष लायन अजय भारती ने नगर में कई स्थानों पर क्लब की तरफ से आई टेस्टिंग चार्ट लगवाने की घोषणा की, जिसमें नजर की जांच करके प्रभावित मरीजों को विजयलक्ष्मी ऑप्टिकल एवं सरस्वती ऑप्टिकल के द्वारा चश्मा दिया जाएगा। देर रात तक चली सभा में मुख्य अतिथि सहित कई सदस्यों ने सुंदर गीत गए एवं रंगारंग प्रस्तुतियां दी। क्लब के सभी सदस्यों ने पूरे उत्साह के साथ इस परिवारिक सभा में प्रतिभाग किया। सभी प्रस्तुतियों को पुरस्कृत किया गया एवं क्लब सदस्यों को वैवाहिक वर्षगांठ के पुरस्कार भी दिए गए। अंत में सभी सदस्यों ने रात्रि भोज का आनंद लिया।

भारतीय प्रज्ञान परिषद के तत्वाधान में हुआ सरस्वती पूजन

मुजफ्फरनगर, 02 फरवरी (बुस.)। बसंत पंचमी को भारतीय प्रज्ञान परिषद के तत्वाधान में मां सरस्वती के पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें मां शारदा के गुणगान एवं यज्ञ का आयोजन हुआ कार्यक्रम का प्रारंभ देवताओं के आह्वान निवेदन उसके पश्चात यज्ञ पंडित आचार्य अमित तिवारी द्वारा किया गया। यज्ञ के मुख्य यजमान जिला मुजफ्फरनगर के लोकपाल नीरज कुमार शर्मा एवं उनकी धर्मपत्नी मंजू शर्मा सदस्य किशोर न्याय बोर्ड मुजफ्फरनगर रही। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नीरज शर्मा जिला लोकपाल मनरेगा मुजफ्फरनगर में बसंत पंचमी के महत्व के बारे में बताया कि प्राचीन काल से ही बसंत पंचमी उत्सव भारतीय संस्कृति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा रहा है। इस दिन मां शारदे का जन्म दिवस भी होता है एवं उनकी पूजा सिंह के साथ होली दहन के स्थान पर झंडा लगाया जाता है। प्राचीन भारत और नेपाल में संपूर्ण वर्ष को जिन छह ऋतुओं में विभाजित किया जाता था उनमें वसंत ऋतु लोगों का सबसे प्रिय ऋतु था, जब पुष्पो आ जाते, खेतों में सरसों का सोना चमकने लगता, जौ और गेहूँ की बालियाँ खिलने लगतीं, आमों के पेड़ों पर बौर आ जाता और हर तरफ रंग-बिरंगी तितलियाँ मँडराने लगतीं। भर भर भंवरे भंवराने लगते। वसंत ऋतु का स्वागत करने के लिए माघ महीने के पाँचवे दिन एक बड़ा उत्सव मनाया जाता था, जिसमें श्रीविष्णु और कामदेव की पूजा होती, यह वसंत पंचमी का त्यौहार कहलाता है। शास्त्रों में बसंत पंचमी को ऋषि पंचमी से उल्लेखित किया गया है, तो पुराणों-शास्त्रों तथा अनेक काव्यग्रंथों में भी भिन्न भिन्न प्रकार से इसका चित्रण मिलता है। वसंत ऋतु आते ही प्रकृति का कण-कण खिल उठता है। मानव तो क्या पशु-पक्षी तक उल्लास से भर जाते हैं। कार्यक्रम के मुख्य यजमान नीरज शर्मा ने बताया कि वसंत पंचमी को ही विख्यात राजा भोज का जन्म हुआ था एवम पृथ्वीराज चौहान ने मुहम्मद गोरी का वध इसी दिवस किया था। आज का दिन बलिदान का दिवस भी है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से ओमप्रकाश धीमान, रामपाल धीमान, एडवोकेट रामफल सिंह पुंडीर, ठाकुर चमन सिंह, शिक्षाविद उमाशंकर शर्मा, रवि शर्मा, सचिन शर्मा, अमित कृष्णा संपादक प्रभु न्यूज डॉक्टर, डीके शर्मा, सतबीर, प्रवीण सैनी, राजेंद्र प्रताप ज्योतिष विद, एडवोकेट रणजीत त्यागी, शुभम कुमार जिला संगठन मंत्री विश्व हिंदू परिषद राष्ट्रपति गौतम, सुशील गोयल, राजन शर्मा, धीरज शर्मा, सूरज शर्मा, अभिनन्दिनी शर्मा, वंशिका शर्मा, अक्षरा शर्मा, पुष्टि शर्मा, लक्ष्य शर्मा, संजय अग्रवाल प्रबंधक केशव पुरी विद्या मंदिर इंटर कॉलेज भारतीय जनता पार्टी जिला मंत्री सुधीर खटीक, विकास बंसल, नीटू बंसल, आचार्य बृजदेव, मनीष बंसल, मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

बालक से किशोर ने किया दुष्कर्म

मुजफ्फरनगर, 02 फरवरी (बु.)। खेलने के बहाने से बालक को ले जाकर एक किशोर ने दुष्कर्म किया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर बाल अपचारी की तलाश शुरू कर दी है। नई मंडी कोतवाली प्रभारी दिनेश चंद बघेल ने बताया कि पचेंडा गांव निवासी एक व्यक्ति ने रविवार को मुकदमा दर्ज कराया है, जिसमें पीड़ित ने बताया है कि तीन दिन पहले गांव का ही एक युवक उनके चार साल के बेटे के खिलाने के बहाने से गांव के तालाब के पास ले गया था और वहां उसके साथ दुष्कर्म किया था। घर पर शिकायत करने पर किशोर ने बेटे का मारने की धमकी दी थी। पीड़ित पिता ने बताया कि शनिवार को तबीयत खराब होने पर बेटे ने घटना का जानकारी दी। कोतवाली प्रभारी ने बालक को मेडिकल कराने के बाद मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। बाल अपचारी को भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

भाभी ने प्रेमी संग मिलकर की थी सुदेश की हत्या, निर्दोष पिता-पुत्र गए जेल

शामली, 02 फरवरी (बु.)। जनपद पुलिस ने बनत के सुदेश हत्याकांड की गुत्थी सुलाते हुए सनसनीखेज खुलासा किया है। सुदेश की हत्या उसके छोटे भाई की पत्नी ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर की थी और हत्या के बाद सुदेश के शव को जला दिया था। कंकाल के रूप में सुदेश का अधजला शव पुलिस ने बरामद किया था, जिसमें परिजनों ने खेत पड़ोसी पिता-पुत्र के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कराया, पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था, लेकिन बाद में हुई जांच में यह प्रेम सम्बंधों में बाधा बनने पर हत्या करने का प्रकरण निकला। मृतक की भाभी सहित चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर खुलासा किया है। एसपी रामसेवक गौतम ने सुदेश हत्याकांड में आये नये मोड़ पर खुलासा करते हुए इसे पति की मौत के बाद सुदेश की भाभी गुड्डी के प्रेम सम्बंधों में बाधा बनने पर किये गये कत्ल की कहानी बताया। उन्होंने मीडिया को दी गई जानकारी में बताया कि कस्बा बनत के मोहल्ला आजाद नगर निवासी सुदेश (45) संदिग्ध हालात में 13 नवंबर 2024 को लापता हो गया था। उसके पुत्र शुभम की तरफ से 16 नवंबर को गुमशुदगी दर्ज कराई गई थी। इसके बाद 21 नवंबर को कस्बे के बाल सिंह व उनके पुत्र रवि पर खेत पर काम करने के लिए घर से बुलाकर ले जाने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज की गई। 14 जनवरी को सहारनपुर रोड स्थित खेत के निकट खाली प्लॉट में कंकाल मिला था। परिजनों ने उसकी पहचान सुदेश के रूप में की। पुलिस ने नामजद आरोपी पिता-पुत्र को जेल भेज दिया था। इसके बाद जेल गए पिता-पुत्र के परिजनों ने उन्हें निर्दोष बताते हुए एसपी रामसेवक गौतम को प्रार्थना पत्र देकर निष्पक्ष जांच की मांग की थी। एसपी ने बताया कि जो तथ्य पुलिस को दिए गए, उनके कारण संदेह बना और इस प्रकरण की जांच में एसओजी और सर्विलांस को लगाया था। इसके बाद जांच में सुदेश की हत्या को लेकर प्रेम सम्बंध सामने आये और दोषी पाए गए हारून निवासी मोहल्ला आजादनगर, रामफल निवासी मोहल्ला प्रतापनगर, बूबा निवासी मोहल्ला प्रेमनगर और मृतक सुदेश की भाभी गुड्डी निवासी मोहल्ला आजादनगर को गिरफ्तार किया गया। एसपी ने बताया कि गिरफ्तारी के बाद सख्ती की गई तो आरोपी हारून ने पूछताछ में बताया कि गुड्डी अपने पति की मृत्यु के बाद उसके साथ मजदूरी करने खेतों में जाती थी। उस दौरान दोनों के बीच प्रेम संबंध बन गए। गुड्डी, मृतक सुदेश के छोटे भाई ब्रह्मपाल की पत्नी है। सुदेश को हारून का गुड्डी के घर जाना बुरा लगता था। इसे लेकर हारून व सुदेश की कहासुनी हुई थी। इस पर चारों आरोपियों ने सुदेश की हत्या की योजना बनाई थी। 13 नवंबर को 2024 को शराब पीने के बहाने सुदेश को संजीव के नलकूप के पास बुलाया गया। वहां रामफल, बूबा व गुड्डी भी पहुंच गए। हारून ने सुदेश पर फावड़े से वार कर हत्या की। इसके बाद शव को पास में खाली पड़े प्लॉट में खड़े झाड़ में डालकर जला दिया था। जहां से पुलिस ने उसके शव को बरामद किया था। उनकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त फावड़ा बरामद किया गया। एसपी का कहना है कि जेल गए पिता-पुत्र की रिहाई के लिए न्यायालय को रिपोर्ट भेजी जाएगी।

पूर्व सांसद अमीर आलम ने पुत्र सहित चन्द्रशेखर का दामन थामा

शामली, 02 फरवरी (बु.)। करीब चार दशक से राजनीति में सक्रिय पूर्व सांसद अमीर आलम खान अपने पुत्र पूर्व विधायक नवाजिश आलम खान के साथ सपा, बसपा और रालोद के रास्ता अपना राजनीतिक सफर जारी रखते हुए अब आजाद समाज पार्टी कांशीराम के मुखिया नगीना सांसद चन्द्रशेखर आजाद का हाथ थामकर यूपी विधानसभा चुनाव 2027 में अपना भाग्य आजमाने के लिए तैयारियों में जुट गये हैं। रविवार को उन्होंने रालोद छोड़ने के बाद आसपा ज्वाइन करते हुए दलित मुस्लिम समीकरण की राजनीति को मजबूत बनाने का ऐलान किया। जनपद के गढ़ी पुख्ता में रविवार को पूर्व सांसद अमीर आलम के बाग में आसपा कांशीराम का सदस्यता समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें आजाद समाज पार्टी प्रमुख सांसद चंद्रशेखर की उपस्थित में अमीर आलम और उनके पुत्र नवाजिश आलम ने रालोद छोड़कर आसपा की सदस्यता ली। आसपा प्रमुख नगीना सांसद चंद्रशेखर ने कहा कि सरकार हर धर्म की विरोधी है। यह किसी की हितैषी है तो सिर्फ कुर्सी की। सीएम ने कुंभ हादसे में आंसू बहाने के बजाय घटना को छिपाया। जल्द सरकार को गिराने का काम किया जाएगा। अब जो टीम बनेगी, वह अच्छी हवा का रुख जनता की ओर मोड़ देगी। चंद्रशेखर ने कहा कि जब हमारे पास ताकत होगी, तो हम वेस्ट यूपी में हाईकोर्ट बेंच बनवाएंगे। लखनऊ के बजाय राजधानी पश्चिम में बनाई जाएगी। अच्छे स्कूल और कॉलेजों को निर्माण कराया जाएगा, मौजूदा संस्थानों को सुधारा जाएगा। पूर्व सांसद अमीर आलम ने कहा कि आजाद समाज पार्टी में ही अब गरीब, पिछड़े, दलितों, मुस्लिमों, वंचितों का भविष्य है। सांसद चंद्रशेखर के साथ मिलकर वे पार्टी को मजबूत करने का काम करेंगे और हक की लड़ाई लड़ेंगे। आसपा सहारनपुर के प्रभारी महताब गुर्जर ने कहा कि आने वाली नस्लों को यदि रोटी, कपड़ा, मकान दिलाना चाहते हो तो आसपा को मजबूत करो। मंडल उपाध्यक्ष अरमान ने कहा कि आज वक्त आ गया है, सरकार को मुंह तोड़ जवाब देने का। मैराज जहां ने कहा कि जिस हालात से हम गुजर रहे हैं, उसमें बदलाव की जरूरत है। हिंदू, मुस्लिमों को आज लड़ाने का काम किया जा रहा है। मुख्य मंडल प्रभारी जोगिंद्र ने कहा कि आज सरकार लोगों का सिर्फ प्रयोग का रही है। हमें अपने हकों के लिए भी धरना देना पड़ रहा है। समारोह में सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

आइडियल किड्स में बसंत पंचमी पर्व मनाया गया

मुजफ्फरनगर, 02 फरवरी (बुस.)। नई मंडी स्थित आइडियल किड्स प्रीप्रेटरी स्कूल में बसंत पंचमी का पर्व हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। बच्चों ने सरस्वती वंदना के बाद रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति से सभी के मन में बसंत की उमंग का संचार किया। इस अवसर सभी बच्चों के लिए बसंत पंचमी से सम्बन्धित एक आर्ट एण्ड क्राफ्ट की एक्टिविटी भी आयोजित की गई। पीले रंग की वेशभूषा में अलंकृत बच्चे प्रकृति में बसंत ऋतु के आगमन का संकेत कर रहे थे। आइडियल किड्स के निदेशक पी.के. जैन ने कहा जैसे पतझड़ के बाद बसंत ऋतु का आगमन प्रकृति को हरा भरा करता है। उसी प्रकार ज्ञान का उदय अज्ञान का नाश कर सभी प्राणियों को सुख प्रदान करता है। ज्ञान ही सर्व समाधान कारक है। इस प्रकार के आयोजनों से बच्चों को अपनी संस्कृति का परिचय होने के साथ उनका चहुमुखी विकास भी होता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में समस्त स्टाफ का योगदान रहा।

महाकुंभ भगदड़ में 1500 श्रद्धालु लापता, सरकार मौन: चन्द्रशेखर

मुजफ्फरनगर, 02 फरवरी (बु.)। महाकुंभ में मौनी अमावस्या स्नान के दौरान हुई भगदड़ की घटना को लेकर राजनीति थमने का नाम नहीं ले रही है। सरकार ने इसमें तीस लोगों की मौत होने का दावा किया है, जबकि विपक्षी दल इससे कहीं अधिक मौत होने की बात कर रहे हैं, इसी कड़ी में अब आजाद समाज पार्टी के मुखिया नगीना सांसद चन्द्रशेखर आजाद ने आरोप लगाया कि योगी सरकार की लापरवाही के कारण ही महाकुंभ में भगदड़ मची है और इस भगदड़ के बाद 1500 श्रद्धालु लापता हैं, जिनके परिवार बिछुड़ गए, अपने मर गए, वह रो रहे हैं। इसको लेकर सरकार मौन साधे हुए है। कहा कि अब उत्तर प्रदेश बहुत जल्द बेगमपुरा राज देखेगा और जिस दिन यूपी में बेगमपुरा राज आएगा तभी यह प्रदेश खुशहाली की ओर बढ़ेगा। भागवत नगरी शुकतीर्थ स्थित सती अनुसुईया धाम में सतगुरू जन जाग्रति ट्रस्ट के तत्वावधान में रविवार को आयोजित किये गये संत शिरोमणि सतगुरू रविदास महाराज के जन्मोत्सव कार्यक्रम में पहुंचे आसपा प्रमुख सांसद चन्द्रशेखर ने 648 किलो का केक काटा और यहां पांच कन्याओं का विवाह कराया गया। कार्यक्रम में सांसद चंद्रशेखर ने कहा कि महाकुंभ में जिनके परिवार बिछुड़ गए, अपने मर गए, वह रो रहे हैं। बजट में हमारे हिस्से में कुछ भी नहीं आया। सरकार वोट तो हमारा लेती है, लेकिन बजट तक में दलित समाज को हिस्सा नहीं देती। सतगुरू महाराज ने समाज को बुराइयों, बेबसी, लाचारी से बाहर निकालने के प्रयास किए। उन्होंने युवाओं से आह्वान करते हुए कहा गया कि हमें अपने महापुरुषों के बारे में अवश्य पढ़ना चाहिए। हम मेहनत करते हैं, लेकिन हमारे जीवन में शांति क्यों नहीं है। यदि राजनीति में हिस्सेदारी नहीं करोगे तो और लोग तुम पर राज करेंगे। राजनीति और सत्ता वो चाबी है, जिससे आप अपनी सारी परेशानियों का हल खोज सकते हो। आज हमारे पास गरीबी है, बेरोजगारी है, जमीन नहीं है। इस दौरान सांसद ने अपना एक माह का वेतन सती अनुसुईया धाम के विकास के लिए दान किया। आसपा नेता जाहिद हुसैन ने 21 हजार रुपये दान किए। धाम के प्रबंधक सतीश महाराज, लोकदास महाराज, सत्यानंद महाराज, आचार्य संजयदास महाराज, रोबिन पाल, जिलाध्यक्ष रजत निठारिया, सोमपाल, बबलू चौधरी आदि मौजूद रहे।

श्रद्धालुओं को लेकर जा रही बस खाई में गिरी, पांच की मौत

अहमदाबाद, 02 फरवरी (एजेंसी)। गुजरात में एक बड़ा हादसा हुआ है। दरअसल श्रद्धालुओं को लेकर जा रही एक बस खाई में गिर गई, जिसमें पांच श्रद्धालुओं की मौत हो गई। हादसे में कई लोग घायल हुए हैं। घटना गुजरात के डांग की है। पुलिस ने बताया कि मरने वाले लोग मध्य प्रदेश के निवासी थे। बचाव और राहत कार्य पूरा हो चुका है। पुलिस ने बताया कि गुजरात के डांग जिले में रविवार सुबह तीर्थयात्रियों को ले जा रही एक निजी बस के गहरी खाई में गिर जाने से पांच लोगों की मौत हो गई और 17 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रभारी पुलिस अधीक्षक एसजी पाटिल ने बताया कि दुर्घटना सुबह करीब 4:15 बजे हुई, जब सापुतारा हिल स्टेशन के पास बस के चालक ने बस पर से नियंत्रण खो दिया। उन्होंने बताया कि बस में 48 तीर्थयात्री सवार थे और हादसे में बस क्रैश बैरियर को तोड़ते हुए करीब 35 फीट गहरी खाई में गिर गई। पुलिस ने बताया कि बस महाराष्ट्र के त्र्यंबकेश्वर से श्रद्धालुओं को लेकर गुजरात के द्वारका जा रही थी। पुलिस ने बताया कि बस में श्रद्धालु मध्य प्रदेश के गुना, शिवपुरी और अशोक नगर जिलों के थे। अधिकारी ने बताया कि हादसे में मरने वाले पांच लोगों में से दो महिलाएं और तीन पुरुष हैं। इन पांचों की मौके पर ही मौत हो गई। घायलों को आहवा के एक सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

झांसी में भयंकर हादसा, ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर, तीन मरे

झांसी, 02 फरवरी (एजेंसी)। झांसी के मऊरानीपुर कस्बे में छतरपुर रोड पर सुखनई नदी पर बने पुल पर अनियंत्रित ट्रक बाइक पर चढ़ गया। इससे ट्रक के पहिये में फंसकर बाइक 20 मीटर तक घिसटती चली गई। मौके पर ही बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। तीसरे युवक ने सीएचसी में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। ट्रक पुलिस के कब्जे में है। चालक गिरफ्तार है। मृतकों के परिजन को सूचना दी गई है। हमीरपुर जनपद के राठ थाने के ग्राम बेगाय के धर्मेंद्र (36) पुत्र हरीदयाल श्रीवास और अंकित (19) पुत्र संतोष श्रीवास मोटर साइकिल से रिश्तेदारी में ग्राम रावतपुरा, टेहरका मध्य प्रदेश गए थे। यहां से अपने साथ सोनू (18) पुत्र गुलाब श्रीवास निवासी रावतपुरा को साथ लेकर ग्राम चुरारा रिश्तेदारी में पहुंचे। यहां से तीनों मोटरसाइकिल पर सवार होकर हमीरपुर के गांव बेगाय जा रहे थे। अभी वे सुखनई नदी के पुल के ऊपर से जा रहे थे कि सामने से आए बेकाबू ट्रक ने उन्हें रौंद दिया। ट्रक का पहिया चढ़ने से धर्मेंद्र और अंकित के सिर पूरी तरह कुचल गए। घटनास्थल पर ही दोनों की मौत हो गई। सोनू की सीएचसी में उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस एवं एंबुलेंस मौके पर पहुंची। सभी को सीएचसी लाया गया।

तारों पर अटकी पतंग उतारते समय किशोर को लगा करंट, झुलसकर मौत

सहारनपुर, 02 फरवरी (एजेंसी)। शहर कोतवाली क्षेत्र में चीन के मांझे में करंट आने से एक किशोर बुरी तरह झुलस गया। किशोर बिजली के तारों में फंसे मांझे को छुड़ा रहा था। परिजन आनन-फानन उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां से उसे मेडिकल कॉलेज रेफर किया। ऋषिकेश एम्स में भर्ती कराया गया, देर रात उसकी मौत हो गई। शनिवार को नुमाइश कैंप स्थित गोपाल नगर निवासी तुषार धमीजा चीन के मांझे से उलझी पतंग को पकड़ने के लिए छत पर चढ़ा। पतंग की डोर बिजली के खंभे से जुड़े तारों में फंसी हुई थी। जैसे ही तुषार ने डोर को पकड़ने की कोशिश की, उसे तेज करंट लगा, जिससे उसके कपड़ों में आग लग गई। शरीर बुरी तरह झुलस गया। वह बेहोश होकर गिर पड़ा। परिजन तुषार को गंभीर हालत में जिला अस्पताल ले गए, जहां से उसे पिलखनी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। चिकित्सकों ने इलाज शुरू किया, लेकिन कोई आराम नहीं मिला। इसके बाद तुषार की हालत देखकर चिकित्सकों ने हायर सेंटर भेज दिया। उसे लेकर परिजन ऋषिकेश एम्स पहुंचे। अस्पताल में इलाज चल रहा है। तुषार जिंदगी के लिए मौत से लड़ रहा था। देर रात उसने दम तोड़ दिया। परिजनों में कोहराम मच गया।

घर के बाहर खेल रही पांच साल की बच्ची को कुत्तों ने नोंच-नोंचकर मार डाला

सहारनपुर, 02 फरवरी (एजेंसी)। मिजार्पुर थाना क्षेत्र के गांव पाड़ली ग्रंट में चाचा के घर के बाहर खेल रही पांच साल की मासूम बच्ची हलीमा को आवारा कुत्तों के झुंड ने हमला कर मौत के घाट उतार दिया। कुत्तों ने उसे नोंच रखा था। पाड़ली ग्रंट निवासी बुरहान की बेटी हलीमा (5) शुक्रवार शाम रजबहे के किनारे बच्चों के साथ अपने चाचा खुशरान के मकान के बाहर खेल रही थी। इसी दौरान आवारा कुत्तों का झुंड आया और हलीमा पर टूट पड़ा। कुत्ते हलीमा के शरीर को बुरी तरह से नोच रहे थे। उसके चीखने-चिल्लाने की आवाज सुनकर परिजन बाहर की तरफ दौड़े। उन्होंने ग्रामीणों की मदद से लाठी-डंडे लेकर कुत्तों को दौड़ाया। इसके बाद परिजन लहूलुहान हालत में हलीमा को लेकर चिकित्सक के यहां पहुंचे। मरहम पट्टी व अन्य उपचार के बाद परिजन उसे घर ले आए, जहां रविवार को उसकी मौत हो गई। परिजनों ने पोस्टमार्टम कराए बिना ही मृतक बच्ची के शव को सुपुर्दे खाक कर दिया। अभिषेक शर्मा की

पुलिस ने चैकिंग के लिए रोका तो पुलिस के साथ ही कर दी हाथापाई!

खतौली, 02 फरवरी (बु.)। खतौली थाना क्षेत्र के चौधरी चरण सिंह कांवड़ पटरी गंगनहर मार्ग पर कई घंटे से भीषण जाम लगा था। जाम के दौरान खतौली पुलिस जाम खुलवाने में लगी थी, तभी रॉन्ग साइड आये कार सवारों को जब पुलिस ने रोकने का प्रयास किया, तो कार सवार महिला-पुरुषों ने पुलिस के साथ ही अभद्रता कर डाली। इस सम्बन्ध में पुलिस का कहना है कि कार सवार लोग शराब के नशे में चूर थे। पुलिस ने उनको हिरासत में लेकर मेडिकल कराया ओर कहा कि सख्त कार्यवाही होगी। वहीं कार सवारों का कहना है कि गाड़ी गलत साईड आई थी, तो चालान करते मारने का हक किसने दिया। मामला क्षेत्र में चर्चाओं में बना हुआ है। पुलिस ने कार सवारों को हिरासत में लेकर मेडिकल के लिए भेज दिया है। पूरा मामला थाना खतौली क्षेत्र के गंग नहर चौक का है।

बसंत पंचमी पर पतंगबाजी ...

खुलासा : बोरे में बंद 6 वर्षीय मासूम की कुकर्म के बाद की गयी थी हत्या

घटनाक्रम के खुलासे के बाद बाल अपचारी को किया गिरफ्तार

मुजफ्फरनगर, 2 फरवरी (बु.)। तीन दिन पहले उनत्तीस जनवरी को छपार थाना क्षेत्र का एक मासूम घर से गायब हो गया था। उक्त मासूम की 30 तारीख को बोरे में बंद, गर्दन पर धारदार हथियारों के निशान लगी खून से लथपथ लाश छपार थाना क्षेत्र के गांव बसेड़ा में मिली थी। शिनाख्त के बाद मासूम थाना क्षेत्र के गांव की बताया गया था। लाश मिलने के बाद उक्त मामले में तरह-तरह के कयास लगाए जा रहे थे। पुलिस ने रविवार को उक्त मामले का खुलासा करते हुए पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि पुलिस व एसओजी की टीम को इस मामले के खुलासे में लगाया गया था। खुलासे के बाद पता चला कि गांव बसेड़ा के ही एक बाल अपचारी को पुलिस ने जब गिरफ्तार किया तो उसने अपना पूरा जुर्म कबूल करते हुए घटनाक्रम की जानकारी दी। एसपी सिटी सत्य नारायण प्रजापत ने बताया कि मासूम की हत्या कुकर्म के बाद की गयी थी। बाल अपचारी द्वारा पहले उसके साथ कुकर्म किया गया, बाद में पकड़े जाने के डर से एक गमछे से मासूम का गला घोट डाला और उसे दो प्लास्टिक के कट्टों में बंद करके एक खंडहरनुमा मकान में फेंक दिया। पुलिस ने बाल अपचारी को गिरफ्तार करने के बाद उसे बाल सुधार गृह में भेज दिया है।

परछाई के आधार पर पुलिस ने किया पूरे मामले का खुलासा

मुजफ्फरनगर। पुलिस ने इस मामले में बड़ी सफलता इसलिए हासिल की, क्योंकि घटनास्थल से डेढ़ सौ मीटर की दूरी पर टी प्वाइंट पर एक सीसीटीवी कैमरा लगा हुआ था। जब पुलिस ने इस कैमरे को खंगाला तो सीसीटीवी फुटेज में एक बालक की परछाई दिखाई दी। उसके बाद पुलिस ने आसपास के लोगों से जानकारी जुटाई तो पत चला कि पन्द्रह वर्षीय एक नाबालिग घटना के बाद से स्कूल नहीं जा रहा था। बस इसी शक के आधार पर पुलिस ने बच्चे को हिरासत में लेकर पूछताछ की और पूरे मामले का खुलासा कर डाला। इस मामले में बच्चे की जानकारी एक परचून की दुकान करने वाली महिला ने भी दी थी। उसने बताया कि उसने बच्चे को आखिरी बार कब देखा था। महिला के बयान के आधार पर ही पुलिस हत्यारोपी बच्चे तक पहुंच सकी। पुलिस का बताना है कि इस मामले में उन्होंने सौ से अधिक लोगों से बातचीत की, तब जाकर कहीं निष्कर्ष पर बात पहुंची।

तेल चोरी करने वाले गिरोह से पुलिस की मुठभेड़, एक घायल

मुजफ्फरनगर, 2 फरवरी (बु.)। तितावी पुलिस को तेल चोरी करने वाले गिरोह के साथ मुठभेड़ हो गयी। मुठभेड़ में गोली लगने से एक बदमाश भी घायल हो गया, जबकि उसका एक अन्य साथी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। तितावी थाना क्षेत्र के मुकन्दपुर झाल के पास पुलिस की होटल और ढाबों पर खड़े होने वाले वाहन चोर गिरोह के साथ मुठभेड़ हो गयी। मुठभेड़ के दौरान पुलिस ने कार सवार बदमाशों को घेर लिया। इस दौरान बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग की। जवाबी फायरिंग में पुलिस ने एक बदमाश आकिब निवासी मौहल्ला कश्यपपुरी, गढ़ीपुख्ता को घायल कर दिया, जबकि खुशी मौहम्मद निवासी अम्बेहटा, झिंझाना को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने घायल बदमाश को उपचार के लिए भिजवा दिया।

फांसी के फंदे से लटकी मिली विवाहिता

चरथावल, 02 फरवरी (बु.)। थानाक्षेत्र के ग्राम कुटेसरा में एक विवाहित महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। महिला का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए पति व सास के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। सूचना मिलने पर पुलिस ने महिला के शव का पंचनामा भरकर पीएम के लिए भेज दिया है। मुजफ्फरनगर जनपद के ककरौली निवासी आरजू पुत्री जुबेर की शादी 14 मई, 2023 को चरथावल थाना क्षेत्र के कुटेसरा गांव में सलमान पुत्र निशार के साथ हुई थी। बुधवार रात आरजू की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई आरजू का शव कमरे में फाँसी के फंदे पर लटका मिला। सूचना पर पहुंचे मायके वालों ने हत्या का आरोप लगाया, वहीं सूचना मिलते ही चरथावल थाना प्रभारी जसवीर सिंह व कुटेसरा चौकी प्रभारी अमित कुमार घटनास्थल पर पहुंचे आरजू के पिता के अनुसार, शादी में हैसियत से अधिक पैसा खर्च किया गया था, फिर भी दहेज से पति सलमान और सास सुक्की खुश नहीं थे। उन्होंने बताया कि शादी के बाद से ही आरजू को ताने मारे जाते थे और उसका मानसिक तथा शारीरिक उत्पीड़न किया जाता था। पति और सास ने अक्सर अतिरिक्त दहेज की मांग की और मारपीट की। आरजू के पिता ने यह भी दावा किया कि सलमान के किसी अन्य महिला से अवैध संबंध थे, जिसके कारण घर में लगातार विवाद होते रहते थे। कई बार पुलिस थाने में मामला सुलझाने के लिए समझौता भी हुआ, लेकिन स्थिति में कोई सुधार नहीं आया पीड़ित पिता ने तहरीर देकर आरोप लगाया कि बीती रात आरजू की हत्या की सूचना मिली थी। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरजू के शव को नीचे उतारा और पोस्टमार्टम के लिए भेजा। आरजू के पिता ने चरथावल थाने में तहरीर देकर पति और सास पर दहेज हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने महिला के शव का पंचनामा भरकर पीएम के लिए भेज दिया है। वहीं परिजनों की तहरीर पर पति व सास के विरुद्ध दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

गेट लगाने को लेकर एकता विहार कॉलोनी में सभासद पति व विपक्षियों में नोकझोंक

मुजफ्फरनगर, 2 फरवरी (बु.)। नगर पालिका के वार्ड 15 में एकता विहार कॉलोनी के बाहर रविवार को हंगामा खड़ा हो गया। हंगामे के दौरान वार्ड सभासद पति व विपक्षियों के बीच जमकर नोकझोंक हुई। आपको बता दें कि रुडकी रोड स्थित वार्ड-15 एकता विहार कॉलोनी के बाहर एक गेट का निर्माण कराया जा रहा है। आज रविवार को इस गेट को लेकर सभासद पति प्रमोद कुमार व क्षेत्र के लोगों के बीच जमकर नोक-झोक हुई। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि इस मामले में सभासदपति प्रमोद कुमार जातिवाद दिखाते हुए इसे अम्बेडकर द्वार लिखवाने जा रहा है, जबकि सर्व समाज के लोगों का यह कहना है कि यह एकता विहार कॉलोनी है, ऐसे में यहां एकता विहार द्वार ही लिखा जायेगा। इसी के साथ-साथ लोगों का यह भी कहना है कि यह गेट बिना किसी विभागीय अनुमति के जबरदस्ती यहां बनाया जा रहा है, जिससे कॉलोनी के अंदर घुसने वाले लोगों के वाहन अंदर जाने में परेशानी होगी। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि उक्त कॉलोनी के अंदर दो स्कूल भी मौजूद हैं, जिनमें बच्चों को लाने-ले जाने की बसें लगी हुई हैं, इस द्वार के बनने के बाद यह बसें अंदर तक नहीं आ पाएंगी, जिससे स्कूल संचालकों व स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों व अभिभावकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। इन्हीं सब बातों को लेकर फिलहाल क्षेत्र के लोगों ने सभासदपति प्रमोद कुमार पर विभिन्न प्रकर के आरोप लगाते हुए गेट का काम रुकवा दिया है। क्षेत्र के ही रणजीत, बंटी लाला पर सभासद पति प्रमोद ने आरोप लगाए हैं कि जब से ये लोग चुनाव हारे हैं, तब से किसी न किसी बहाने से ये लोग उन्हें जेल तक भिजवाने की साजिश रच रहे हैं। इसी रंजिश के चलते उन्होंने गेट का काम भी रुकवाया है। अब देखना यह होगा कि दोनों ओर से लगे आरोप प्रत्यारोप के बाद यह गेट बन पाता है अथवा नहीं। इस मामले में आज पुलिस ने बीच बचाव कराकर मामला समाप्त तो करा दिया मगर अब यह गेट बनेगा या नहीं या किस विभाग द्वारा इस गेट के निर्माण की अनुमति दी गयी है, ये सारी बातें जांच के घेरे में हैं।

युवती बनकर इंस्टाग्राम पर युवाओं को बनाया शिकार, ठग लिये चार लाख अस्सी हजार

मुजफ्फरनगर, 2 फरवरी (बु.)। इंस्टाग्राम पर युवती बनकर खालापार के एक युवक ने दौराला के युवक को प्रेमजाल में फंसाकर चार लाख अस्सी हजार रुपये ठग लिये। आरोपी को मेरठ की दौराला पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आजकल के युवा बिना मेहनत किये पैसा कमाने की अंधी दौड़ में न जाने क्या-क्या कर रहे हैं। इसी दौड़ का एक अनौखा उदाहरण सामने आया, जिसमें खालापार निवासी जैद ने युवती बनकर कई युवकों को प्रेम जाल में फंसाया और उनसे चार लाख अस्सी हजार रुपये ठग लिये। हालांकि माना जा रहा है कि उक्त प्रेरणा उसे एक वॉलीवुड मूवी से मिली। कुछ समय पहले एक ऐसी ही फिल्म दिखाई गयी थी, जिसमें युवक अपने बाप तक को युवती बनकर प्रेमजाल में फंसा लेता है। इसी तर्ज पर खालापार निवासी जैद ने घटनाक्रम को अंजाम देते हुए निशा कुरैशी, जैद निशा, समायला खान, जैनुअल कुरैशी के नाम से इंस्टाग्राम पर आईडी बनाई और युवकों को लगातार ठगता रहा। डीपी पर जैद ने एक युवती की बड़ी ही खूबसूरत फोटो लगाई हुई थी, जिससे युवक आकर्षित हो रहे थे और उसे फोन कर रहे थे। जैद के इस जाल में मेरठ के दौराला क्षेत्र का निवासी हुजैफ बुरी तरह से फंस गया। दोनों ने एक दूसरे से खूब प्रेम जताया और प्रेमजाल में फंस जाने के बाद हुजैफ ने युवती बने जैद को चार लाख अस्सी हजार रुपये अपने खाते से ट्रांसफर कर दिये। आरोपी के अनुसार जैद यह रकम जुए में हार गया। पीड़ित हुजैफ ने दौराला कोतवाली में इस मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई तो पुलिस ने जांच पड़ताल कर पूरे मामले का खुलासा किया और खालापार के रहने वाले उक्त व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया।

युवती का रेप कर हत्या करने वाले रेपिस्ट को पुलिस ने मारी गोली

बुढ़ाना, 2 फरवरी (बु.)। पहले एक युवक ने अपने 2 दोस्तों के साथ एक युवती को किडनेप कर उसे जंगल में ले जाकर उसके साथ जबरदस्ती गैंगरेप किया। फिर पकड़े जाने के डर से उसकी हत्या कर शव को जला दिया। आरोपी के एक साथी को पुलिस टीम ने बीते कल की सुबह पकड़ लिया था, जबकि इस दूसरे युवक को पुलिस ने बीती शनिवार की देर रात एक मुठभेड़ में गोली मारकर पकड़ लिया। बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव बुआना निवासी एक युवती प्रियंका पाल का उसके जीजा आशीष ने अपने दो दोस्तों की मदद से अपहरण कर लिया था। तीनों आरोपी युवती को मेरठ क्षेत्र के जंगल में ले गये थे। जहां तीनों ने बारी बारी से प्रियंका के साथ रेप किया था और पुलिस में बताने पर उसकी हत्या कर शव जला दिया था। शिकायत पर पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों की मदद से आरोपी जीजा को बीते कल पकड़ लिया था, जिसने अपने दोनों साथियों के साथ प्रियंका की रेप के बाद हत्या करना कबूल कर लिया और प्रियंका की बाड़ी के कुछ अधजले अवशेष बरामद करा दिए थे। पुलिस फरार आरोपियों की तलाश में लगी, तो बीती देर रात बुढ़ाना पुलिस टीम को इसमें कामयाबी मिली, जिसमें सीओ गजेंद्र पाल सिंह के निर्देश पर बुढ़ाना कोतवाल आनंद देव मिश्र के नेतृत्व मे चली मुठभेड़ में गोली मारकर दूसरे हत्यारे को पकड़ लिया गया, जिसका नाम नाम शुभम पुत्र पीतम निवासी ग्राम मंढियाई उर्फ कमरूद्दीननगर सरधना है। बुढ़ाना पुलिस टीम ने आरोपी शुभम के पास से तमंचा, कारतूस व एक बाइक बरामद की है।

रोडवेज पेड़ से टकराई, करीब डेढ़ दर्जन घायल

दुर्घटना के बाद मौके पर मची चीख-पुकार सड़क किनारे पड़े पेड़ से टकराने से हुआ हादसा

मीरापुर, 2 फरवरी (बु.)। कोटद्वार से दिल्ली जा रही एक रोडवेज बस मीरापुर में दिल्ली-पौड़ी राजमार्ग पर सैनी भट्टा तिराहे के समीप सड़क किनारे पड़े पेड़ से टकरा गई। बस टकराने से बस में सवार करीब डेढ़ दर्जन यात्री घायल हो गए तथा मौके पर चीख-पुकार मच गयी। आसपास के लोगों ने घायलों को पास के अस्पताल में भर्ती कराया।

रविवार को उत्तराखंड डिपो की बस लेकर नजीबाबाद निवासी चालक आबिद व परिचालक नरेश कोटद्वार से दिल्ली जा रहे थे। शाम करीब साढ़े चार बजे जैसे ही इनकी बस सैनी भट्टा तिराहे के निकट पहुँची, तभी बस की गति तेज होने के कारण बस सड़क किनारे खड़े पेड़ से टकरा गई। बस की पेड़ में टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दूर तक तेज धमाके की आवाज सुनाई दी तथा बस बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयी और बस में सवार यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। आसपास के लोग दौड़कर मौके पर पहुँचे तथा बस के आपातकाल द्वार से बस में सवार घायल यात्रियों को बाहर निकाला। दुर्घटना में बस में सवार परिचालक नरेश व दिल्ली के आदर्शनगर निवासी सुनीता, दिल्ली के बुद्धविहार निवासी अरविंद शर्मा, गाजियाबाद निवासी रेणु, नोएडा निवासी गजेंद्र, बिजनौर के हीमपुर दीपा निवासी पंकज प्रताप व गांव शेरपुर निवासी फूलसिंह, नगीना निवासी इरफान, बिजनौर निवासी अदिति तथा उत्तराखंड के पौड़ी निवासी रवि कुमार, कोटद्वार निवासी पूनम तथा उसका एक वर्षीय पुत्र आद्विक समेत करीब डेढ़ दर्जन यात्री घायल हो गए। मौके पर पहुँची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को मीरापुर के अथर्व हॉस्पिटल में उपचार के लिए भर्ती कराया। बस में सवार यात्री गजेंद्र, अदिति, पंकज प्रताप, रोबिन, सूरज, आनंद शर्मा ने बताया कि चालक बस को बहुत तेजी से चला रहा था। आरोप है कि सैनी भट्टा तिराहे के तीव्र मोड पर भी चालक ने गति धीमी नहीं की, जिससे बस पेड़ से टकरा गई। गनीमत रही कि दुर्घटना में कोई जनहानि नहीं हुई।

UK15P A0238

तूफानी पारी और गेंदबाजों की जबरदस्त गेंदबाजी से भारत ने इंग्लैंड को 150 रनों से हराकर टी-20 सीरीज 4-1 से जीती

नई दिल्ली, 02 फरवरी (एजेंसी)। मुंबई के वानखेडे स्टेडियम में खेले गए टी-20 सीरीज के आखिरी मुकाबले में भारत ने इंग्लैंड को 150 रनों के बड़े अंतर से हराकर सीरीज को 4-1 से अपने नाम कर लिया। इस धमाकेदार जीत के हीरो रहे युवा ओपनर अभिषेक शर्मा, जिन्होंने 135 रनों की विस्फोटक पारी खेली और 02 विकेट भी झटके।टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने आक्रामक शुरूआत की। पहले ही ओवर में संजू सैमसन ने 16 रन जुटाए, लेकिन अगले ओवर में आउट हो गए। इसके बावजूद दूसरी छोर से अभिषेक शर्मा ने इंग्लैंड के गेंदबाजों की बखिया उधेड़ दी। उन्होंने विशेष रूप से जोफ्रा आर्चर और जेमी ओवरटन को निशाना बनाया। अभिषेक ने मात्र 17 गेंदों में अर्धशतक जड़ दिया, जो भारत के लिए टी-20 फॉर्मेट में दूसरा सबसे तेज अर्धशतक है। पावरप्ले के दौरान टीम इंडिया ने 6 ओवर में ही 95 रन जोड़ लिए। उन्होंने 37 गेंदों में अपने करियर का दूसरा शतक पूरा किया, जो भारतीय क्रिकेट में रोहित शर्मा के बाद दूसरा सबसे तेज शतक है। अभिषेक ने 54 गेंदों में 135 रन बनाए, जिसमें 13 छक्के और 07 चौके शामिल थे। शिवम दुबे और तिलक वर्मा ने भी तेज पारियां खेलकर टीम इंडिया को 247 रनों के विशाल स्कोर तक पहुंचाया। इंग्लैंड के लिए ब्रायडन कार्स ने 3 विकेट चटकाए।बड़े लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड टीम को तेज शुरूआत की जरूरत थी। फिल सॉल्ट ने मोहम्मद शमी के पहले ओवर में तीन चौके लगाकर इरादे जाहिर कर दिए, लेकिन दूसरी ओर से उन्हें कोई सहयोग नहीं मिला।तीसरे ओवर में बेन डकेट को मोहम्मद शमी ने आउट किया, जबकि पांचवें ओवर में वरुण चक्रवर्ती ने कप्तान जॉस बटलर को पवेलियन भेज दिया। हालांकि, फिल सॉल्ट एक छोर से रन बनाते रहे और 21 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया, लेकिन बाकी बल्लेबाज वरुण और रवि बिश्नोई के सामने टिक नहीं सके। शिवम दुबे ने आठवें ओवर में सॉल्ट (55) को आउट कर इंग्लैंड की आखिरी उम्मीद भी तोड़ दी। इसके बाद अभिषेक शर्मा ने एक ही ओवर में दो विकेट लेकर इंग्लैंड की हार लगभग तय कर दी। 11वें ओवर में मोहम्मद शमी ने लगातार दो विकेट चटकाकर इंग्लैंड की पारी को 97 रन पर समेट दिया। भारतीय गेंदबाजों ने इंग्लैंड के बल्लेबाजों को संभलने का मौका ही नहीं दिया। मोहम्मद शमी ने 03 विकेट लिए, जबकि वरुण चक्रवर्ती, शिवम दुबे और अभिषेक शर्मा ने 2-2 विकेट झटके। इंग्लैंड की पूरी टीम मात्र 97 रन पर सिमट गई, जिससे भारत ने यह मुकाबला 150 रनों के बड़े अंतर से जीत लिया।

हाईवे पर हादसे में बाल-बाल बचे छपार के कार सवार पांच लोग

मुजफ्फरनगर, 02 फरवरी (बु.)। दिल्ली देहरादून हाईवे पर उत्तराखंड के रुड़की में शादी समारोह में शामिल होने के लिए जा रहे छपार निवासी पांच लोग हादसे का शिकार होने से बाल-बाल बच गये। उनकी चलती कार में अचानक ही आग लग गई, आग की लपटों को देखकर चालक सहित पांचों लोग चलती कार से ही हाईवे पर कूद गये और उनकी जान बच गई। बाद में दमकल कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर कार में लगी आग को बुाया और यातायात सुचारू हो सका। प्राप्त जानकारी के अनुसार मुजफ्फरनगर के छपार निवाीस एक परिवार के लोग रुड़की में एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए जा रहे थे। जैसे ही वह दिल्ली देहरादून हाईवे पर मंगलौर के पास गंगनहर पटरी पर पहुंचे तो अचानक कार के बोनट से धुआं निकलने लगा और अचानक ही इस धुएं ने आग की लपटों का रूप धारण कर लिया। कुछ ही देर में उनकी यह कार आग का गोला बन गई। कार से धुआं निकलता देख लोगों ने खिड़की से निकलकर कार से कूदकर जान बचाई। पुलिस के अनुसार, रविवार दोपहर करीब दो बजे मुजफ्फरनगर के छपार निवासी कार चालक महबूब और पांच अन्य लोग रुड़की में एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। जैसे ही वह मंगलौर के पास गंगनहर पटरी पर पहुंचे तो अचानक कार के बोनट से धुआं निकलने लगा। आग लगने की आशंका पर चालक ने कार रोक ली। इस बीच देखते ही देखते कार से आग की लपटें निकलने लगी। आग की लपटें देख कार में बैठे सभी लोग बाहर निकल गए और भागकर जान बचाई। इस बीच कार आग का गोला बनकर गई और गंगनहर पटरी पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। सूचना मिलते ही रुड़की से दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। लीडिंग फायरमैन अतर सिंह राणा ने बताया कि कार करीब 90 प्रतिशत जलकर खराब हो गई है। आग से कोई जनहानि नहीं हुई। उन्होंने बताया कार मालिक हारून निवासी चरथावल, जिला मुजफ्फरनगर को भी घटना के संबंध में सूचना दे दी गई है।

डीएम की फटकार के बाद नींद से जागा पालिका प्रशासन

15वें वित्त में प्रस्ताव न भेजने पर निकायों से डीएम हुए खफा 10 निकायों में अनटाइड ग्रांट में मिली 23.79 करोड़ रुपए

मुजफ्फरनगर, 02 फरवरी (बु.)। जनपद में नगरीय विकास के प्रति अफसरों की लापरवाही किस कदर बढ़ रही हैं, इसकी तस्वीर खुद डीएम ने देखी है। बड़ी बात यह कि विकास कार्यों के लिए धनराशि अवमुक्त होने के बावजूद लगातार प्रस्ताव मांगे जाने पर भी निकायों की ओर से प्रस्ताव जिला स्तरीय कमेटी के समक्ष नहीं दिए जा रहे हैं। इसे लकर जिलाधिकारी निकायों की कार्यप्रणाली को लेकर बेहद ही खफा हुए और चिट्ठी जारी करते हुए कार्यवाही की चेतावनी दी, तो निकायों में कुछ हलचल नजर आई है। जनपद की दस निकायों में 15वें वित्त के अन्तर्गत शासन स्तर से 23.79 करोड़ रुपये की धनराशि अनटाइड ग्रांट में प्राप्त हो चुकी है, यह पैसा मार्च 2025 से पूर्व खर्च होना है। डीएम की सख्ती के बाद पालिका ईओ ने एई निर्माण को आदेश अवहेलना करने पर स्पष्टीकरण तलब करते हुए 2 दिनों में प्रस्ताव रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

15वें वित्त आयोग की संस्तुति के आधार पर नॉन मिलिनयन प्लस के दायरे में आने वाले नगरीय निकायों को अनटाइड बुनियादी अनुदान के रूप में वित्तीय वर्ष 2024-25 में विकास कार्यों के लिए स्वीकृत धनराशि दो किश्तों में जारी की गई थी। इसमें पहली किश्त का पैसा नगरीय निकाय निदेशालय लखनऊ की ओर से 17 अक्टूबर व दूसरी किश्त की धनराशि 26 नवम्बर को जारी करते हुए निदेशक अनुज झा द्वारा नगरीय अधिशासी अधिकारियों को समय से इसके उपयोग कराने के निर्देश दिये थे। इसमें जनपद की दो पालिकाओं समेत सभी दस नगरीय निकायों के लिए 23 करोड़ 79 लाख 67 हजार 704 रुपये की धनराशि जारी की गई, जो निकायों को प्राप्त भी हो चुकी है। इस धनराशि के तहत निकायों में कराए जाने वाले विकास कार्यों और संसाधन विकसित करने के प्रस्ताव देने में निकाय फिसड्डी साबित हुई हैं। ऐसे में डीएम उमेश मिश्रा ने नाराजगी व्यक्त करते हुए इन निकायों के ईओ को फटकार लगाकर पत्र जारी किया था और एक सप्ताह में 15वें वित्त के तहत प्राप्त अनटाइड ग्रांट की पहली व दूसरी किश्त की धनराशि से कराये जाने वाले विकास कार्यों के प्रस्ताव देने के लिए कहा है। यह प्रस्ताव डीएम की अध्यक्षता में कमेटी के समक्ष विचार करने के लिए प्रस्तुत करने के बाद ही स्वीकृति मिलने पर खर्च करने की शुरू होती है। डीएम की नाराजगी के कारण निकायों में हलचल मच गई है। नगरपालिका परिषद् की ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह ने मामले में एई निर्माण अखंड प्रताप सिंह के प्रति कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए जवाब मांगा है। उन्होंने कहा कि 15वें वित्त आयोग की अनटाइड ग्रांट में प्राप्त धनराशि से होने वाले कार्यों के प्रस्ताव मांगे जा रहे हैं, लेकिन अभी तक निर्माण विभाग न तो कोई कार्ययोजना तैयार कर पाया और न कोई प्रस्ताव ही दिया गया है। ईओ ने एई निर्माण को दो दिवस में पूरी कार्ययोजना बनाकर प्रस्ताव रिपोर्ट उपलब्ध कराने के लिए कहा है। वहीं लापरवाही पर कार्यवाही की चेतावनी दी गई है।

इन्होंने कहा-

पालिका एई निर्माण अखंड प्रताप सिंह का कहना है कि 15वें वित्त आयोग से प्राप्त धनराशि के आधार पर कराने वाले कार्यों के लिए विभागीय स्तर पर प्रस्ताव बनाये जा रहे हैं। चेयरपर्सन की स्वीकृति मिलने के बाद समय से उन्हें उपलब्ध करा दिया जायेगा। उनहोंने बताया कि पालिका को इस मद में पहली व दूसरी किश्त के रूप में कुल 17 करोड़ 28 लाख 39 हजार 822 रुपये की धनराशि प्राप्त हुई, जिससे मार्च तक विकास कार्य कराने हैं।

सोनभद्र में भीषण सड़क हादसा: स्कॉर्पियो और ट्रक की टक्कर, 6 की मौत, 4 गंभीर रूप से घायल

सोनभद्र, 02 फरवरी (एजेंसी)। रविवार की शाम सोनभद्र जिले में एक भीषण सड़क हादसा हुआ, जिसमें 6 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और 4 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा हाथीनाला थाना क्षेत्र के रानीताली के पास हुआ, जहां एक स्कॉर्पियो और ट्रक के बीच जोरदार टक्कर हो गई। सूचना के अनुसार, स्कॉर्पियो वाहन छत्तीसगढ़ से वाराणसी की ओर जा रहा था। जैसे ही वाहन रानीताली के पास पहुंचा, एक तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराने के बाद सीधे स्कॉर्पियो से टकरा गया। इसके बाद ट्रक सड़क किनारे एक घर में घुस गया। इस भीषण टक्कर में स्कॉर्पियो में सवार 6 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 4 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही चोपन और हाथीनाला थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। घायलों को एंबुलेंस की मदद से नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया।